laln esa cgl % ufn;ksa dk çn"k.k

यमुना 'रायबरेली' से गुजरती तो ये हालत न होती

Hkkjrh; turk ikVh

BHARATIYA JANATA PARTY

vuØef.kdk

- सुषमा स्वराज 1
- रविशंकर प्रसाद 4
- तरुण विजय 17
- अनिल माधव दवे 20
- संजय राउत 28
- शिवानंद तिवारी 31
- डॉ. रामप्रकाश 36
- प्रो. एस.पी. सिंह वघेल 45
- चौधरी मुनव्वर सलीम 52
- विवेक गुप्ता 55
- दर्शन सिंह यादव 60
- राम कृपाल यादव 66
- M. Rama Jois 69
- Prashant Chatterjee 72
- K. Parasaran 75
- Shashi Bhusan Behra 79
- Dr. V. Maitreyan 82
- C.M. Ramesh 85
- M.S. Swaminathan 87
- Jayanti Natarajan 89

प्रकाशकीय

ऐसे अवसर संसद में कम ही आते हैं जब किसी एक विषय पर विभिन्न राजनैतिक दलों के सदस्य अपनी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय विषयों पर एक स्वर में बोलते हैं। ऐसा ही एक अवसर हाल ही में संसद में आया जब नदियों के प्रदूषण पर लगभग सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों ने अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की। नदियां प्रदूषित हो रही हैं, गंगा–यमुना जैसी नदियों के नाले में परिवर्तित होने का भय हमारे मुंह बाये खड़ा है, दशकों के सरकारी कवायद एवं हो–हल्ले के बावजूद स्थिति बिगड़ती जा रही है– ऐसे में हरेक देशवासी का चिंतित हो जाना स्वाभाविक है। उसी चिंता को संसद में चर्चा के दौरान सदस्यों ने बड़ी गंभीरता से उठाया और यह संदेश दिया कि संसद मौन नहीं, इन राष्ट्रीय विषयों पर मुखर है।

भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं में नदियों को न केवल जीवनदायिनी माना गया है बल्कि आराध्य के रूप में इनकी स्तुति की गई है। यदि देखा जाए तो पूरे विश्व में ही सभ्यता का उद्‌भव नदियों के आसपास ही हुए तथा संसार की कई प्राचीनतम सभ्यताएं नदी–घाटी सभ्यता के नाम से जानी जाती हैं। भारत जो हजारों वर्षों की अखंड एवं जीवंत सभ्यता का प्रतिनिधि करता है, प्राचीनकाल से ही नदियों के महत्व को समझते हुए इन्हें पूजता आया है। हर नदी भारतीय लोगों के लिए देवीस्वरूपा है जिसमें इतिहास, संस्कृति, अध्यात्म, परंपराएं और जन–जन की आस्था समायी हुई है। नदियों के साथ समृद्धि, स्वास्थ्य, आस्था, अध्यात्म, ज्ञान, सामाजिक मूल्य एवं परंपराएं और हमारे जीवन के न जाने कितने ही पहलू जुड़े हुए हैं। मोक्षदायिनी गंगा हो, कृष्ण लीला से ओत–प्रोत यमुना हो, ऋग्वेद काल से आराध्य सरस्वती हो, या फिर कि कावेरी, गोदावरी, सिंधु, सतलुज, ब्रह्मपुत्र और अनगिनत अनेक नदियां हो, हमारे लिए सभी पूज्य एवं आराध्य रही हैं।

आज जब औद्योगिकरण और 'असंगत विकास' की दौड़ में पश्चिम के अंधानुकरण में हमारे नीति–नियंता भारतीय मूल्यों एवं परंपराओं को तिलांजलि देने में लगे हुए हैं, कई प्राचीन नदियां अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं। यहां तक कि गंगा और यमुना जिनके जल की पवित्रता की दुहाई पूरे संसार में लोग देते थे, प्रदूषण के कारण विश्व की सर्वाधिक प्रदूषित नदियों में गिनी जाने लगी है। गंगा–यमुना के आस–पास बसे शहरों एवं कल–कारखानों से विसर्जित मल–मूत्र, रासायनिक पदार्थ एवं कूड़ा–कचरा ने इन नदियों की पवित्रता एवं अविरल प्रवाह को खंडित कर दिया है। जिन नदियों ने हमें हजारों–हजार वर्षों की सभ्यता दी, जीवन दिया, संस्कृति दी, समृद्धि एवं सम्पन्नता दी, आज भी जिन नदियों के कारण हमारे पेट भर रहे हैं, उन नदियों के साथ हमने क्या किया? आने वाली संततियां क्या वर्तमान पीढ़ी के इन अपराधों को क्षमा कर पायेंगी?

संसद में 11 मार्च 2013 को नदियों के प्रदूषण पर हुई चर्चा वास्तव में स्वयं में अनूठा है। इस चर्चा में लगभग सभी राजनैतिक दलों के सदस्यों ने भाग लिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती सुषमा स्वराज, राज्यसभा में भाजपा संसदीय दल के उपनेता श्री रविशंकर प्रसाद, जस्टिस एम. रामा. जायस, श्री अनिल माधव दवे, श्री तरुण विजय, श्री संजय राऊत, श्री शिवानंद तिवारी, श्री दर्शन सिंह यादव, श्री एम.एस. स्वामीनाथन एवं कई अन्य सम्मानित सदस्यों ने चर्चा में भाग लेकर इस विकराल होती समस्या पर चिंता जाहिर की है। अंत में वन एवं पर्यावरण मंत्री श्रीमती जयंती नटराजन ने चर्चा का उत्तर दिया। स्वस्थ लोकतंत्र में हर विषय को दलगत आधार पर ना देखकर राष्ट्रीय हित में एकजुट होना पड़ता है। इन भाषणों का संकलन इसी दिशा में एक विनम्र प्रयास है।

हम अपने सुधी पाठकों के लिए संसद में दिए इन भाषणों का संपादित अंश प्रकाशित कर रहे हैं। आशा है हमारे पाठक इससे लाभान्वित होंगे।

&Mk- f'ko 'kfDr cDlh

vçy 2013

Hkkjrh; turk ikVh

11 v'kkd jkM] ubZ fnYyh&110001

यमुना 'रायबरेली' से गुजरती तो ये हालत न होती : सुषमा स्वराज

Vध्यक्ष महोदया, गंगा जी और यमुना जी को हम गंगा मैया और यमुना मैया कहकर सम्बोधित करते हैं। क्योंकि हमारे लिए ये नदियां नहीं बल्कि मां हैं। आप जानती हैं कि हिंदुस्तानी तहजीब को गंगा–जमुनी तहजीब कहा जाता है। हमारे राष्ट्रीय गान में विंध्य, हिमाचल, यमुना, गंगा कहकर हम दिन–रात इनकी स्तुति करते हैं। कृष्ण उपासक जब ब्रज क्षेत्र की कल्पना करते हैं तो उसमें उन्हें यमुना कल–कल बहती हुई दिखाई देती है। लेकिन अत्यंत दुख की बात है कि उसी ब्रज क्षेत्र के मथुरा, वृन्दावन में यमुना लगभग सूख गई हैं और दिल्ली में यमुना जी भयंकर रूप से प्रदूषित हो गई है और यही प्रदूषित जल जब मथुरा, वृन्दावन में जाता है तो न आचमन के योग्य रहता है और न स्नान करने के योग्य रहता है। ब्रज क्षेत्र के सभी मंदिरों के ठाकुर जी को इसी प्रदूषित जल से स्नान कराने के लिए पुजारी मजबूर हो गये हैं। हालांकि बहुत बार यह विषय सरकार के नोटिस में लाया गया, बहुत बार आश्वासन दिये गये और एक बड़ी योजना भी बनी, हजारों करोड़ रुपये की योजना यमुना एक्शन प्लान भी बनी। लेकिन कोई नतीजा आज तक नहीं निकला। वही जैसे कहते हैं कि ढाक के तीन पात। इस सबसे आहत और आक्रोशित होकर यमुना मुक्तिकरण पदयात्रा ब्रज क्षेत्र से चली है। यह आज दिल्ली पहुंच रही है। सोनिया जी यहां बैठी हैं। आठ फरवरी को सोनिया जी से वे मिलने के लिए आये थे और मेरे मुताबिक शायद उन्होंने स्वयं बुलवाया था। लेकिन

उनके आश्वासन के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई अब तक उस पर नहीं हुई है।

महोदया, ऐसा नहीं है कि सूखी हुई नदियों को सराबोर नहीं किया जा सकता। गुजरात में साबरमती का उदाहरण हमारे सामने है। मध्य प्रदेश में नर्मदा और क्षिप्रा का उदाहरण हमारे सामने है। साबरमती नदी अहमदाबाद में बिल्कुल सूख गई थी। हम जब अहमदाबाद जाते थे तो बिल्कुल दरारें दिखाई पड़ती थीं। लेकिन नर्मदा का जल साबरमती में डालने से साबरमती अब लबालब भरकर चल रही है। अभी एक अभिनव योजना मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री ने क्षिप्रा में नर्मदा नदी को जोड़ने की शुरू की है। एक साल के अंदर वह प्रयास पूरा हो जायेगा और जो सिंहस्थ कुंभ उज्जैन में होने वाला है, हम देखेंगे कि किस तरह से क्षिप्रा नदी बहकर चल रही है। लेकिन क्या कारण है कि न तो यमुना का जल प्रवाह बढ रहा है और न उसका प्रदूषण कम हो रहा है। इसलिए मैं आपकी अनुमति से यह विषय यहां उठाना चाहती हूं।

हम लोग यह चाहते हैं कि सरकार इस पर उत्तर दे, सरकार इस पर आश्वासन दे। क्योंकि मैं कहना चाहती हूं कि ये हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं।

ये हमारी आस्था का प्रतीक है। 1380 वर्ग किलोमीटर का यमुना जी का जो दायरा है, उसमें वह पीने का जल देती हैं। लाखों हैक्टेयर खेती की सिंचाई करते हुए, हमें भोजन देती हैं। इसलिए वे हमारी जीवनदात्री हैं। चाहिए तो यह था कि इस तरह के कर्त्तव्य सरकार स्वयं अपने हाथ में ले। लेकिन जब सामाजिक कार्यकर्त्ता उठ खड़े हुए हैं, देश के नागरिक उन्हें समझा रहे हैं, तब उसके बाद तो सरकार को और भी ज्यादा आगे बढ कर इस पर कार्यवाही करनी चाहिए। इसलिए मैं कहना चाहती हूँ कि एक तात्कालिक उपाय है और एक दीर्घकालिक उपाय है। तात्कालिक उपाय है कि सरकार हथिनी कुंड बैराज से तुरंत जल छोड़ने का निर्णय दे ताकि यमुना जी का नदी जल प्रवाह बढ़े और उनका प्रदूषण भी थोड़ा कम हो। लेकिन दीर्घकालीन उपाय भी हमें चाहिए। इसलिए मैं आपके माध्यम से आज सरकार से

यह कहना चाहती हूँ कि संबंधित मंत्री भी यहां बैठी हैं, जो प्रदूषण मुक्त कर सकती हैं, श्रीमती जयंती नटराजन जी, यूपीए की चेयरपर्सन भी बैठी हैं, जो सबसे शक्तिशाली नेत्री हैं, जो वे कह दें, सरकार में सो हो जाए। अभी हम कह रहे थे, आज हम दोनों एक दूसरे को इशारा कर रहे थे कि जो मंत्री खड़े होते हैं, वे रायबरेली के बारे में कहते हैं। मैं कह रही थी कि विदिशा को कुछ नहीं, सासाराम को नहीं, सब कुछ रायबरेली को अगर यमुना जी रायबरेली से निकल रही होतीं तो ज़रूर वह भी प्रदूषण मुक्त हो जाती और जलप्रवाह हो जाता। दिक्कत यह है कि यमुना जी रायबरेली से नहीं बह रही हैं। वे बेचारी ब्रज में, मथुरा–वृंदावन में सूख जा रही हैं। वे वहीं सूख जा रही हैं। मैं तो ब्रज की बेटी हूँ इसलिए मेरे लिए तो यह व्यक्तिगत रूप से बहुत दुख का कारण है कि यमुना जी सूख गई हैं।

अध्यक्ष जी, मैं आपसे कहना चाहती हूँ कि हमें उत्तर भी चाहिए और आश्वासन भी चाहिए। लेकिन उत्तर ऐसा चाहिए जो उन पदयात्रियों का भी समाधान करे और उत्तर ऐसा भी चाहिए जो सदन में बैठे हम सब का समाधान करे। इसलिए मैं चाहती हूँ कि मंत्री महोदय स्वयं खड़े हों और हमें आश्वस्त करें कि तात्कालिक उपाय भी तुरंत करेंगे और दीर्घकालिक उपाय भी यमुना जी के बारे में करेंगे।

■

○ jkT; lHkk

नदियों के प्रदूषण मुक्त होने के बारे सरकार श्वेत-पत्र लाये : रविशंकर प्रसाद

ekननीय उपसभापति जी, मैं कृतज्ञ हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा के लिए अवसर दिया है। यह बहुत संतोष का विषय है कि देश की नदियों की चिंताजनक स्थिति, विशेष रूप से गंगा और यमुना को लेकर पूरे सदन में एक सद्भाव रहा कि इस पर चर्चा होनी चाहिए और यह चर्चा हो रही है। महोदय, भारत की नदियों के बिना भारत की कल्पना नहीं हो सकती है। अभी कल ही कुंभ समाप्त हुआ है। इसमें करोड़ों लोग बिना बुलाए आते हैं। हिंदुस्तानी आते हैं, विदेशी भी आते हैं और गंगा, यमुना के संगम पर स्नान करके पुण्य का भागी होने का प्रयास करते हैं। हरिद्वार में कुछ वर्षों पहले क्या हुआ था। वहां भी लोग करोड़ों की संख्या में आए थे। कुंभ में एक दिन में तीन, तीन करोड़ लोग आते हैं। मैं जब इसका अध्ययन कर रहा था तो मुझे जानकर एक सुखद आश्चर्य हुआ कि इस देश में ऋग्वेद के समय से कुंभ की परम्परा चली है।

आदरणीय उपसभापति जी, यह जो हिंदुस्तान है, हमारी मिट्टी, हमारे लोग हैं, इस हिंदुस्तान को नदियों के सिंचन से ही वर्षों से ऊर्जा मिलती रही है। गंगा, यमुना, सतलुज, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा, कावेरी इन सभी नदियों के बिना शायद हिंदुस्तान की कल्पना नहीं हो सकती है। यह सिर्फ पीने के पानी और सिंचाई के लिए जल का सवाल नहीं है, बल्कि यह देश की आस्था, देश की विरासत और देश की संस्कृति का विषय है। महोदय, हर नदी के साथ एक आध्यात्मिक परिदृश्य जुड़ा हुआ है। गंगा विष्णु के पद से, ब्रह्मा के कमंडल से, भगीरथ के तप से, महादेव

की जटा से होते हुए, गंगोत्री में गोमुख से आती है और पूरे उत्तर भारत के समतल को लेकर जाते हुए सागर में मिलती है। गंगा पूजन, गंगा दशहरा ये सभी भारत की आध्यात्मिक विरासत के अंग हैं। यमुना के लिए भी सप्तऋषियों ने तप किया। यमुना के बारे में कहते हैं कि ये सूर्य की पुत्री हैं और गंगा की बहिन हैं।

उसभापति जी, आज हमारे बहुत से संत वृंदावन और मथुरा से चले हैं। मैं आगे उसकी चर्चा करूंगा। पूज्य संत रमेश बाबा के प्रोत्साहन और निर्देश में महंत जयकिशन दास और बाकी यात्री यमुना मुक्ति यात्रा को लेकर निकले हैं।

यमुना की क्या स्थिति है, यह चर्चा अभी मैं करने वाला हूं। हिंदुस्तान में 45 हजार किलोमीटर नदियां बहती हैं। जब मैंने वह संख्या जानने की कोशिश की, तो देश में 12 major river basins हैं 46 medium river basins हैं और 14 लघु यानी small river basins हैं। अभी मैंने भारत की विरासत की चर्चा की। यह जो मैं संगम और त्रिवेणी को देखने की कोशिश करता हूं, तो जहां नदियां मिलती हैं, संगम होता है। प्रयाग में गंगा और यमुना मिलती हैं, सरस्वती सुप्त है। हर जगह कहीं–न–कहीं एक त्रिवेणी हैं। संगम और त्रिवेणी का एक स्थान होता है।

माननीय उपसभापति जी, राजनीतिक कारणों से मेरा परिचय थोड़ा उत्तराखंड से रहा है, वहां भी प्रयाग है और 5 प्रयाग हैं। विष्णु प्रयाग, जहां विष्णु गंगा और धौली गंगा मिलती है; नंद प्रयाग, जहां अलकनंदा मंदाकिनी से मिलती है; कर्ण प्रयाग, जहां पिंडारी नदी अलकनंदा से मिलती है; रुद्र प्रयाग, जहां अलकनंदा मंदाकिनी से मिलती है और देव प्रयाग, जहां ये सारी छोटी नदियां भागीरथी से मिलकर गंगा के रूप में आगे बढ़ती हैं।

माननीय मंत्री जी, आप तमिलनाडु से आती हैं। जब मैं कावेरी नदी की बात करता हूं, तो जब भवानी नदी उसकी मुख्य धारा से मिलती है, तो वहां भी एक संगम है। लोग कहते हैं कि एक सुप्त नदी वहां भी है। जब मैं मध्य प्रदेश के उज्जैन जाता हूं, तो वहां क्षिप्रा और याकिता नीली गंगा से मिलती हैं। वह भी सुप्त है। जब मैं सोमनाथ

जाने की कोशिश करता हूं, तो वहां हिरण्या और कपिला नदियों का संगम है, वहां भी एक सरस्वती सुप्त है। गोदावरी को तो दक्षिण गंगा ही कहते हैं, जिसको गौतम ऋषि ने तप करके लाया। यह हमारी आध्यात्मिक परम्परा है, जो नदियों के साथ जुड़ी हुई है। हमारी वैसी आध्यात्मिक, सामाजिक विरासत को आज हमने क्या कर दिया है? मैंने यमुना की बात कही। Hon. Deputy Chairman, Sir, I am very pained to say that, today, Yamuna has been reduced to a sewer or a gutter. हमारे मथुरा, वृंदावन से जो संत आए हैं, वे क्यों नहीं पीड़ित हों? क्या मथुरा, वृंदावन की कल्पना यमुना के बिना की जा सकती है? अभी मैं पिछले वर्ष वृंदावन गया था, मैं कृष्ण का भक्त हूं, तो मैं यमुना के घाट पर गया। वहां की नदी के काले पानी को देख कर, क्षमा करिए, मेरी आंखों में आंसू आ गए। वह यमुना, जिसके किनारे घाटों पर कृष्ण अठखेलियां किया करते थे, वह यमुना, जिसके बीच से निकल कर कालियामर्दन कृष्ण की परिकल्पना और वसुदेव कृष्ण को कंस के क्रोध से बचाने की कोशिश करते हैं और वह नदी आज मथुरा, वृंदावन में क्या हो गई है! यह बहुत चिंता की बात है। इसलिए आज मैं माननीय मंत्री जी से कुछ सीधे सवाल पूछूंगा और जानने की कोशिश करूंगा कि ऐसा क्यों है, ऐसा क्यों हो रहा है?

माननीय उपसभापति जी, एक बात मुझे साफ–साफ दिखाई पड़ती है। पहले मैं यमुनाकी चर्चा करना चाहता हूं। There is no fresh flow of water left in the Yamuna. यह एक सबसे गंभीर बात है। यमुना यमुनोत्री से शुरू होकर हरियाणा होती हुए दिल्ली आती है। जब मैंने दिल्ली को जानने की कोशिश की, तो दिल्ली में यमुना सिर्फ 22 किलोमीटर बहती है और यमुना का 70 परसेंट pollution दिल्ली से आता है। It is a unique ratio that the Yamuna river traverses only 22 kilometers in Delhi, yet 70 per cent of its pollution is referrable to Delhi, sourced at Delhi. Two per cent distance, 70 percent pollution. अब माननीय मंत्री जी, मुझे मालूम है कि आप अपने जवाब में कहेंगी गंगा एक्शन प्लान– 1, गंगा एक्शन प्लान– 2, यमुना एक्शन प्लान– 1, यमुना एक्शन प्लान– 2, आप बताएंगी, मुझे मालूम है।

आजकल National River Conservation Directorate बन गया है, कई Super Committees हैं, कई Standing Committees हैं, लेकिन नतीजा क्या निकला है? इसका सबसे classical example है, सुप्रीम कोर्ट में एक PIL pending है, जिसका शीर्षक है मैली यमुना। That PIL has been pending in the Supreme Court since 1993.

अगर यह स्थिति हो जाए तो क्या हाल होगा? मैंने सुना कि शायद अब तक यमुना के रख–रखाव और उसे पॉल्यूशन फ्री करने पर लगभग 5500 करोड़ रूपये खर्च किए गए हैं। अगर मैं गलत हूं, तो माननीय मंत्री जी, आप मुझे करेक्ट कीजिएगा। सिर्फ दिल्ली में ही 2500 करोड़ रूपए खर्च किए गए हैं। टैक्स पेयर्स की इतनी बड़ी धनराशि खर्च करने के बाद भी अगर आप निजामुद्दीन पुल पर जाइए, शाहदरा पुल पर जाइए और यमुना को देखिए तो इंडस्ट्रीज झाग से भरी हुई और सड़ांध भरे एक नाले जैसी यमुना लगती है। यह जो पीड़ा है, कहीं न कहीं इसके बारे में गंभीर चिंता करनी चाहिए। आखिर जनता के, टैक्स पेयर्स के ये 5500 करोड़ रूपये कहां गए? कहां गलती हो गई है? माननीय मंत्री जी, आप हम आपसे इसका उत्तर सुनना चाहेंगे।

People say that pollution is basically because of two factors. First is industrial pollution and the second is domestic sewage. जहां तक आपके Central Pollution Control Board के मानक हैं, 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत पॉल्यूशन sewage से होता है। सबसे पहले मैं Industrial Pollution पर आता हूं। माननीय मंत्री जी, Industrial Pollution को identify करना आसान है। You know there is an industry which is discharging its waste in the Yamuna. BOD की बात मैं बाद में करूंगा, लेकिन माननीय मंत्री जी, आप हमें यह बताइए कि सोनीपत, पानीपत, फरीदाबाद से लेकर आगरा की जो पूरी बेल्ट है, वहां यमुना में कितना industrial waste गिर रहा है और उनमें से कितनी फैक्ट्रियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गई है?

अभी मैंने एक रिपोर्ट पढ़ी, आप उसकी authenticity के बारे में बताइएगा, यमुना में जो कैमिकल्स हैं,वे बहुत ही toxic और dangerous

हैं। यह क्यों है? मैंने एक रिपोर्ट और पढ़ी है, अगर मैं गलत हूं तो आप मुझे correct कीजिएगा, हरियाणा में पानीपत–सोनीपत के पास यमुना को साफ करने वाले जो संयंत्र लगे हैं, वहां अमोनिया का लेवल इतना हाई चला गया कि they stopped working because they could not take that severe level of pollution. अगर स्थिति यह है तो कैसे काम चलेगा? यह बहुत चिंता की बात है। इसके बारे में हम आपसे जानना चाहेंगे।

अब आप दिल्ली की बात लीजिए। दिल्ली में आपने 17 Sewage Treatment Plants लगाए हैं। Correct me, if my number is wrong. But I am given to understand that these 17 Sewage Treatment Plants (STPs) are almost 40 per cent of India's total installation, फिर भी यहां क्या हाल है? इनमें से कई काम ही नहीं कर रहे हैं। अगर कई काम करते हैं तो वहां आपका ड्रेनेज काम नहीं कर रहा है। जहां आपका ड्रेनेज काम करता है तो वहां जो क्लींड सीवर है वह अनक्लींड सीवर में मिल जाता है।

अब दिल्ली में बड़ी संख्या में अनऑथोराइज्ड कॉलोनियों को ऑथोराइज करने की बात हो रही है, करना भी चाहिए, क्योंकि पूरे देश से लोग यहां पर आ कर बसेंगे। चुनाव से पहले जब कॉलोनियों को ऑथोराइज करने की होड़ लगती है, तो वहां यह क्यों नहीं देखा जाता है कि वहां पर सीवेज की चिंता भी की जाए, वरना माननीय मंत्री जी, मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि इस समस्या का समाधान कभी भी नहीं निकलेगा।

आजकल एक नया तर्क निकला है Interceptor Sewers, जिन्हें आप नदी के किनारे घाट पर लगाने की बात कर रहे हैं। माननीय मंत्री जी, आज मैं आपको एक आंकड़ा देना चाहता हूं। I hope I am wrong. इसके लिए 1963 करोड़ रूपए एलोकेटिड हैं, जिसमें से सिर्फ 51 करोड़ रूपए खर्च हुए हैं, in Delhi, which accounts for 70 per cent of Yamuna pollution. इसका क्या मतलब है? और तो और कई Sewage Treatment Plants काम भी नहीं कर रहे हैं। अच्छा, इसका पूरा खाका बना है, आपने जो लंबा–लंबा ड्रेनेज सिस्टम बनाया है।

पहले ड्रेन वाटर को pool करो, फिर उसको साफ करो, साफ करने के बाद वापिस cleaned water को डालो। यह cleaned और uncleaned का जो घालमेल बीच में मिलता है, इससे बहुत समस्या हो रही है। पीड़ा यह हो रही है कि आपके 5500 करोड़ रूपए चार्ज करने पर भी और दिल्ली में 2500 करोड़ रूपए खर्च करने पर भी यमुना और भी अधिक गंदी हो गई है।

अब मैं Biochemical Oxygen Demand (BOD) की बात करता हूं। आपने Prof. M.G.K. Menon की कमेटी बनाई थी, जिसके बाद आपने norms को relax कर दिया।

Does the water of Yamuna satisfy even that norm? Hon. Minister, I would not like to have a technical reply from you, because my understanding of a clean water is a visibly clean water, and I shall be measuring the benchmark of your answer with the yardstick of what we see when we pass through the Shahadra Bridge and the Nizamuddin Bridge and see the Yamuna down below. I would like to measure your assurance when I go to Brindavan and Mathura, take the achamans from the Yamuna water and try to see whether my hands are black or clean. That is the measurement of cleanliness and pollution which the country expects. माननीय मंत्री जी, मैं आपसे उम्मीद करूंगा कि इसके बारे में आप हमें थोड़ा बताएंगी, तो बड़ी कृपा होगी।

सर, आज जो मैं समझता हूं और जिस पर मैं अपना सुझाव देना चाहता हूं कि यमुना नदी में निर्मल पानी का अभाव हो गया है। The assimilative capacity of Yamuna water has been seriously degenerated and eroded. हम उससे पीने के लिए पानी लेते हैं, सिंचाई के लिए पानी लेते हैं, लेकिन बदले में उसमें कचरा और कूड़ा डालते हैं। जब यह होता है, तो regardless of the relaxed norms of BOD, the regenerative and assimilative capacity of Yamuna is lost; the Yamuna loses all its strength. This is what is happening और इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, यह मैं बहुत पीड़ा के साथ आपसे कहना चाहूंगा।

माननीय मंत्री जी, मुझे आपसे यमुना के बारे में 4–5 बड़े सीधे सवाल पूछने हैं और मैं चाहूंगा कि आप उनके उत्तर देंगी, तो बहुत कृपा होगी। आप जरा मुझे यह बताएं कि अभी तक यमुना की सफाई पर कितने पैसे खर्च हुए हैं और उसका क्या नतीजा निकला है? यह मैं आपसे ईमानदारी से सुनना चाहता हूं। माननीय उपसभापति जी, आज इस बात का बहुत आश्वासन है कि हमारे सुप्रीम कोर्ट ने, दिल्ली होई कोर्ट ने तथा इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इसमें बहुत intervene किया है। कई एन.जी.ओज. ने इस बारे में अच्छे काम किए हैं। जब मैं Centre for Science and Environment देखता हूं, तो मुझे सुनीता नारायण जी का अभिनन्दन करने की इच्छा होती है, क्योंकि उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। संतों ने अच्छा काम किया है। वे वृंदावन और मथुरा से हजारों की संख्या में नरेश बाबा और जयकिशन दास के नेतृत्व में निकल पड़े हैं, ताकि यमुना स्वच्छ हो। जब यह जनता की पीड़ा है, कोर्ट की पीड़ा है और एनजीओज की पीड़ा है, तो यह सरकार की भी पीड़ा होनी चाहिए। आज संसद में यह जो चर्चा हो रही है, तो हम यहां उस पीड़ा का प्रकटीकरण कर रहे हैं, ताकि कोई रास्ता निकले, कोई समाधान निकले। इसलिए, हम आपसे ये सवाल जरूर पूछना चाहेंगे। माननीय, मंत्री जी, दिल्ली, हरियाणा, आगरा, मथुरा आदि जगहों में कितने industrial units के खिलाफ कार्रवाई की गई है, यह हम आपसे सुनना चाहेंगे? विशेष रूप से आप फरीदाबाद, पानीपत और सोनीपत के बारे में बताएं, जो कि हरियाणा में आता है। आप effective कार्रवाई की बात बताएं, सिर्फ notional या अखबार की बात पर नहीं। मैं एक बात और जानना चाहूंगा कि मथुरा और वृंदावन के लिए आपके पास क्या विशेष योजना है? मथुरा और वृंदावन हिंदुस्तान के आध्यात्मिक परम्परा के प्रमुख केंद्र हैं। जैसे राम और कृष्ण के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है कृष्ण की कल्पना वृंदावन और मथुरा के बिना नहीं की जा सकती, तो मथुरा और वृंदावन की कल्पना यमुना के बिना नहीं की जा सकती, क्योंकि यमुना आज भी जीवंत है, जैसे गोवर्द्धन का पर्वत श्री कृष्ण की लीलाओं के साथ जीवंत है और उसका हमने क्या हाल बना दिया है, यह हम

आपसे जानना चाहते हैं? आप हमारी पीड़ा को समझिए, इस देश की पीड़ा को समझिए और उन संतों की पीड़ा को समझिए। इसलिए, मथुरा और वृंदावन के बारे में आपका क्या दृष्टिकोण है, जरा यह बताइए?

माननीय मंत्री जी, हमने एक आंकड़ा निकाला कि दिल्ली में आपने 54 से 67 करोड़ रूपए प्रति किलोमीटर यमुना नदी पर खर्च किए हैं। Hon. Minister, would you kindly take note of my speech? तो आपके जो गंगा एक्शन प्लान– 1, गंगा एक्शन प्लान– 2, यमुना एक्शन प्लान– 1 और यमुना एक्शन प्लान– 2 हैं, तो क्या यमुना रिवाइवल का भी कोई प्लान है? It is high time that instead of Action Plan I and II, there is a transparent, committed revival plan for Yamuna? यह हम आपसे जानना चाहेंगे और उस दिशा में हम आपका मार्गदर्शन जरूर जानना चाहेंगे। मुझे मालूम है कि यह हमारे कई मित्रों की भी पीड़ा है और वे अभी बोलने वाले हैं।

महोदय, अब मैं अपनी कुछ बातें गंगा के संबंध में कहना चाहता हूं। गंगा इस देश की जीवनदायिनी है और मैंने आरंभ में बताया कि हम गंगा को मां–स्वरूप पूजते हैं। मैं पटना से आता हूं। एक समय जब मैं बच्चा था, तो जब भी हम पटना के घाट पर जाते थे, तो हमारे लोग बताते थे– यहां पर तारिक भाई भी बैठे हैं– कि गंगा का पानी ऐसा है, जिसको अगर वर्षों छोड़ दो, तो भी वह पानी कभी सड़ता नहीं। उस समय गंगा के बारे में यह धारणा थी। आज मेरे पटना में गंगा दूर चली गयी है, उसका कोर्स पांच–छः किलो मीटर दूर चला गया है, लेकिन माननीय मंत्री जी, मुझे तब शर्म आ गयी जब मालूम हुआ कि दुनिया की जो 10 टॉपमोस्ट पॉलुटेड रिवर्स हैं, उनमें गंगा आ गयी है। हमने गंगा को यह कौन–सी संज्ञा दे दी? हमने जीवनदायिनी गंगा को दुनिया की सबसे प्रदूषित नदियों में एक की संज्ञा दे दी? यह कौन–सा हिंदुस्तान हम बना रहे हैं? ऐसी नदी जो 29 क्लास वन शहरों से गुजरती है, 23 क्लास टू शहरों से गुजरती है, 40 छोटे शहरों से गुजरती है, जिसके घाट किनारे गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक देश की 40 करोड़ आबादी रहती हो और जहां 20 लाख लोग रोज

स्नान करते हों, क्या आज वह गंगा दुनिया की सबसे प्रदूषित नदी है? यह हमारे लिए बहुत पीड़ा की बात है।

मैंने जानने की कोशिश की, तो पता चला कि इसमें प्रति दिन 1. 3 बिलियन सीवेज जाता है, अब उसका आंकड़ा कितना है, यह हम समझ सकते हैं। उससे हम इंसान तो प्रभावित हैं ही, लेकिन हमारी जो फिशरिज़ हैं, वे भी उसके कारण बहुत प्रभावित हुई हैं। मुझे बचपन की बात याद है कि उस समय पटना के आसपास से लेकर काशी तक डॉल्फिन इस नदी में दिखाई पड़ती थी, लेकिन अब गंगा की डॉल्फिन लुप्त हो रही है और गिनती भर बनी हुई है। उसके लिए आपको भी एक स्पेशल कार्यक्रम चलाना पड़ा, यह आपको मालूम है, क्योंकि आप उस विभाग की मंत्री हैं। गंगोत्री से गंगा चलती है ओर हरि के द्वार, हरिद्वार से समतल में आती है। वहां तो गंगा फिर भी ठीक है, लेकिन आज कानपुर में गंगा की क्या स्थिति है? वहां बरसात के समय भी गंगा का पानी महकता है। आज काशी में गंगा का क्या हाल है? आज प्रयाग, इलाहाबाद में इसका क्या हाल है? मैं अपने बिहार की बात अभी छोड़ रहा हूं, वहां भी परेशानी है। मुझे याद है कि अभी एक घटना हुई थी, जो बहुत ही शर्म की बात थी कि नेपाल के राष्ट्रपति बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में भाषण देने के लिए आए थे, क्योंकि वे वहीं से पढ़े–लिखे थे। उनकी इच्छा गंगा का दर्शन करने और गंगा में स्नान करने की थी, लेकिन उन्होंने गंगा के घाट पर नदी के प्रदूषण को देख कर कहा कि मैं स्नान नहीं करूंगा, हमने यह भी देखा है।

महोदय, इसके लिए हमारे कई संतों ने संघर्ष किया। एक स्वामी निगमानंद ने तो इसके लिए अपने जीवन का होम कर दिया। प्रो. जी. डी. अग्रवाल और स्वामी सम्पूर्णानंद जी इसके लिए संघर्ष करते हैं। हमारी उमा भारती जी 'निर्मल गंगा, अविरल गंगा' को लेकर संघर्ष कर रही हैं और उन्होंने पूरे देश का दौरा किया है। ये प्रयास चल रहे हैं और ये अच्छे प्रयास हैं, लेकिन मेरी पीड़ा की बात यह है कि यह सारा पैसा कहां जा रहा है? माननीय मंत्री जी, हम यह भी जानना चाहेंगे कि गंगा एक्शन प्लान वन और गंगा एक्शन प्लान– टू में कितने पैसे खर्च हुए और उसका नतीजा क्यों नहीं निकलता है? कानपुर में इतनी

tanneries हैं, इतनी टेक्सटाइल फैक्ट्रीज हैं, उन सब का कचरा सीधे गंगा में जा रहा है। यह एक राष्ट्रीय धरोहर है। माननीय मंत्री जी, मैं आपको बहुत साफ–साफ कहना चाहता हूं कि आज इस पूरे मामले को पॉलिटिकल तरीके से न देखा जाए। हमारे–आपके डिफरेंसिज होंगे, लेकिन इस पर पूरे देश को एक स्वर में बोलने की जरूरत है, क्योंकि अगर गंगा की विरासत कमजोर होगी, तो हिंदुस्तान की विरासत कमजोर होगी, आज मैं यह बहुत पीड़ा के साथ कहता चाहता हूं। आज जो स्थिति दिखाई पड़ रही है, वह बहुत चिंता की बात है, यह मैं आपसे जरूर कहना चाहता हूं।

हम आपसे यह भी जानना चाहेंगे कि यह जो coliform है, इसका नदियों में क्या हाल है और उसके लिए आपने क्या किया? मैंने यह मालूम किया था कि जब इलाहाबाद में गंगा एक्शन प्लान शुरू हुआ था, तब वहां गंगा में 13 नाले गिरते थे, अब उसमें 50 नाले गिरते हैं। काशी का हाल भी यही है। वहां नहाने के लिए 84 घाट हैं। वहां दो नदियों, अस्सी और बरूणा के बीच में गंगा है और अस्सी और बरूणा दोनों नाला हो गयी हैं। माननीय मंत्री जी, आप थोड़ा अपनी पूरी प्लानिंग के एप्रोच को भी दोबारा समझिए। उसमें गैप वन यह हुआ कि यह भारत सरकार तय करेगी, फिर यह हुआ कि प्रदेश सरकारें भी तय करेंगी, फिर यह हुआ कि भारत सरकार तय करेगी और अब आपने इसमें लोकल बॉडीज, नगरपालिकाओं को भी इंवाल्व करने की कोशिश की है। अब आप एक सिम्पल–सी बात यह देखिए कि आपने सीवर ट्रीटमेंट प्लांट लगा दिया, उसको चलने के लिए वहां पम्प चाहिए और पम्प को चलाने के लिए बिजली चाहिए।

बिजली की क्या स्थिति है, उसके मेंटीनेंस की क्या स्थिति है? मैं स्वयं एक बार बनारस गया था मैंने इस विषय को समझने की कोशिश की। मुझे एक संत ने बताया कि यह जो पंपिंग स्टेशन है, यह छः महीने से खराब है। हमने कहा कि क्या हो गया? उन्होंने बतलाया कि वाशर टूट गया है। जब उसे लगवाया तो बिजली नहीं आती। अब यह लोकल बॉडीज की समस्या आपको सिर्फ उसके हैंडिल पर नहीं हल करनी पड़ेगी। इसको एक मेजर रूप से हैंडिल करने की जरूरत है,

अगर हमें इन चीजों में सफल होना है। यह मैं आपसे बहुत विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं। हमारी एक पीड़ा और है। नदियां होंगी तो नदियों पर हाइड्रो पॉवर बनेगा। उसकी डिमांड होगी, होनी भी चाहिए। लेकिन एक बात का ध्यान रखना चाहिए कि गंगा की निर्मल धारा कभी भी विचलित नहीं होनी चाहिए। मुझे बहुत पीड़ा हुई जब गंगा को टनेल से निकालने की बात हो रही थी हाइड्रो पॉवर के लिए। Sorry, it is not acceptable. गंगा की अविरल धारा, गंगा की निर्मल धारा पर किसी शर्त पर समझौता नहीं करना चाहिए। मैं बात कर रहा था कि यह कैसे हो सकता है। आज जब मुम्बई जाता हूं तो वहां की मीठी नदी समाप्त हो गई। अभी अपने दोस्त डॉ. मैत्रेयन से बात कर रहा था तो वहां चेन्नई की Adyar River लुप्त हो गई है। दक्षिण भारत की नदियों का हाल भी बहुत अच्छा नहीं है। शायद थोड़ा बढ़िया होगा, पापुलेशन डेंसिटी कम होने के कारण। लेकिन क्या गोदावरी, क्या गंगा, क्या गोमती, क्या यमुना, क्या चम्बल, क्या सोन, क्या सतलुज, सब जगह बहुत चिंता और पीड़ा की बात है, इसे हमें ठीक करने की जरूरत है। आज मैं आपको कुछ सुझाव देना चाहता हूं, अच्छा लगेगा अगर आप उसका उत्तर देंगी। अगर देश जागता है तो रास्ता निकलता है। आपको याद होगा कि हमने एक पल्स पोलिया केम्पेन चलाया था। क्या राज्य सरकारें, क्या केन्द्र सरकार सब जुड़े और हमें इस बात का आश्वासन है कि आज इस देश से हमने पोलियो का अंत कर दिया। हमने संतों को जोड़ा, हमने मौलवियों को जोड़ा, हमने हिंदुस्तान के हर कोने के लोगों को जोड़ा और आज eradication of Polio became a national mission, and, ultimately, we succeeded. Do you have any plan, hon. Minister, to make these rivers pollution-free as a part of the national mission? If you have a plan, what is the blueprint and how are you going to involve all the stakeholders? मुझे मालूम है कि प्रधानमंत्री जी अध्यक्ष हैं Ganga Action Plan के इसमें मुख्यमंत्री भी हैं। लेकिन उसका कोई असर नहीं निकला है। अभी देखिए, गुजरात की चर्चा बहुत होती है, कई कारणों से होती है। एक बात तो कहनी पड़ेगी कि साबरमती नदी जो अहमदाबाद में एक गटर बन गई

थी, आज पूरे प्रयास से उसको सुंदर बनाया गया। इस प्रकार साबरमती नदी रिस्टोर हो चुकी है, हम सभी देख रहे हैं। क्या ऐसा काम हम कर सकते हैं? अखबारों में आया है, हमारी सरकार में जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे, तब नदियों के जोड़ने की बात की थी। क्या नदियों को जोड़कर जहां एक्स्ट्रा पानी है, वहां से पानी ले जाकर अन्यत्र फ्रेश वाटर डाल सकते हैं, जहां नदियां परेशान हैं और जहां लुप्त हो रही हैं या उनके पास इनरचार्जींग वाटर नहीं है? हम इन चीजों को आपसे जरूर सुनना चाहेंगे। हमें एक बात और कहनी है, आज आपको मुझे विनम्र रूप से आग्रह करना है। 1986 से गंगा एक्शन प्लान आया, 1993 से यमुना एक्शन प्लान चल रहा है, Correct me, if I am wrong. आज हम 2013 में हैं। क्या गंगा, क्या यमुना दोनों की हालत पीड़ादायक है और यमुना तो ऐसी है कि आंखों में आंसू आते हैं। माननीया मंत्री जी, करदाताओं के हजारों करोड़ रूपए खर्च हुए। क्या आप कोई व्हाइट पेपर लाएंगी, ताकि संसद को आप बता सकें कि कहां कितना खर्चा हुआ, कहां कमजोरी हुई और कहां सुधार की जरूरत है? मैं डिमांड करता हूं कि भारत की नदियों के प्रदूषण मुक्त होने के बारे में एक व्हाइट पेपर संसद में लाया जाए, ताकि हम विशेष रूप से गंगा और यमुना के बारे में जान सकें, यह हमारा आपसे आग्रह है।

दूसरी बात, आपकी योजना में 'The Rivers are pollution-free visually'. देखने से ही लगे कि नदी स्वच्छ है, निर्मल है। इसके बारे में क्या योजना है? नदियों के restoration plan के बारे में एक्शन प्लान के साथ–साथ क्या restoration plan की बात आप करेंगी? एक मेरा और सुझाव है, जो मेरे मित्र ने दिया कि जैसे माननीया मंत्री जी, आप समुद्र किनारे CRZ बनाती हैं। क्या बड़ी नदियों के किनारे कोई River Regulation Zone बनाने का आप विचार कर रही हैं, ताकि निकट स्तर से रिअल एस्टेट का डेवलपमेंट न हो जमीन के किनारे, जो बड़ी–बड़ी नदियों के किनारे हैं, वहां एक नियंत्रण हो।

जो पुराने मंदिर हैं, पुराने घाट हैं, हमारी नदियों की कल्पना उनसे नहीं की जा सकती। इसलिए हम सब को डिस्टर्ब नहीं कर सकते,

लेकिन मैं जानना चाहूंगा कि इस देश में जो बेतहाशा कंस्ट्रक्शन हो रहा है, उस बारे में आप क्या करने जा रही हैं? महोदय, urbanization and industrialization की भूख में नदियों के किनारे न बिक जाएं, इस संबंध में कोशिश की जानी बहुत जरूरी है।

माननीय मंत्री महोदया, मैं अपने इस संपूर्ण intervention को देश की पीड़ा के माध्यम से व्यक्त करना चाहूंगा। आज राज्य सभा देश की पीड़ा की अभिव्यक्ति कर रही है। यह पीड़ा राजनीति से परे हैं, यह पीड़ा दलों से ऊपर है क्योंकि यह देश की पीड़ा है और यह पीड़ा आपकी पीड़ा भी है। मुझे इस बात का बहुत संतोष है कि जब हमने इस बारे में चर्चा की बात की तो सारी पार्टीज के लोगों ने हस्ताक्षर किए। माननीय मंत्री महोदया, अगर यही देश की पीड़ा है, तो उस पीड़ा का प्रकटीकरण सरकार की ईमानदार कार्यवाही और उसके समाधान के माध्यम से होना चाहिए। इसलिए हम जानना चाहेंगे कि इस बारे में आपकी क्या सोच है? आज मैं बीजेपी की ओर से आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस दिशा में आप जिस तरह का भी कार्य करेंगी, हमारा पूरा सहयोग होगा क्योंकि हम चाहते हैं कि यमुना, गंगा, गोदावरी, कावेरी– ये सभी जो इस देश की धरोहर हैं, अपने पुराने स्वरूप में आएं क्योंकि आज हम हैं, कल नहीं रहेंगे, लेकिन ये नदियां हजारों वर्षों से हैं और आने वाले हजारों वर्षों तक भारत को सींचेंगी और लोगों को पानी पिलाएंगी। अगर उनकी आज जैसी स्थिति रही, तो शायद आने वाले generations के साथ हम बहुत बड़ा अन्याय करेंगे।

माननीय उपसभापति जी, आपने मुझे इस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए समय दिया, मैं आपका बहुत ही कृतज्ञ हूं। मंत्री महोदया की बड़ी कृपा होगी अगर वे मेरे द्वारा उठाए गए बुनियादी सवालों का उत्तर देंगी। बहुत–बहुत धन्यवाद। ■

हमारे पाखंड ने गंगा को गंदा किया : तरुण विजय

vkदरणीय उपसभापति जी, मैं केवल एक श्लोक बताना चाहूंगा। हर व्यक्ति, हर हिंदू, जो सुबह स्नान करता है, जल कहीं का भी हो, एक मंत्र पढ़ता है,

गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती
नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिनसन्निधिम कुरू।

वह जब तक इन सात पवित्र नदियों का स्मरण कर उसका आह्वान नहीं करता उस पवित्र जल से स्नान करने के लिए तैयार नहीं होता है। हमने सभी नदियों का स्मरण किया। गंगा के बारे में बताना चाहूंगा कि भारतीय जनसंघ के पूर्व अध्यक्ष आचार्य रघुवीर थे। वे जब मंगोलिया गए तो वहां, उलान बटोर से एक मांग आई कि आप जब आएं, तो अपने साथ में गंगा जल लेकर आएं। जब आचार्य रघुवीर उलान बटोर गए तो उलान बटोर में उस गंगा जल के कलश के साथ उनकी शोभा यात्रा निकाली गई। पूरे पूर्वी एशिया की प्राण, जो मीकांग नदी है, वह मीकांग नदी मां गंगा का अपभ्रंश है। गंगा केवल भारत नहीं, बल्कि संपूर्ण पूर्वी एशिया की प्राणवाहिनी, उसको पहचान देने वाली नदी बनी और सिंधु वह नदी बनी, जिसने भारत को नाम दिया, हमारी जाति को नाम दिया, हमारे देश को नाम दिया। फारूख साहब यहां पर बैठे हैं। हमने 1996 में सिंधु दर्शन प्रारम्भ किया। वे पहले आए थे। सिंधु से हिंदू बना। हम हिंदू इसलिए हैं, क्योंकि एक नदी है, जिसका नाम सिंधु है, उससे इंडिया बना, हमारा नाम इंडिया इसलिए

हुआ, क्योंकि एक नदी है, जिसका नाम इंडस है, हम इंडियन हुए, क्योंकि एक नदी है, जिसके पार रहने वालों को इंडियन कहा गया, हिंदुस्तान हुए , क्योंकि एक नदी है, जिसका नाम सिंधु है और हिंदु उसके नाम से आया। इस सिंधु नदी ने हिंदुस्तान शब्द दिया, हिंदू शब्द दिया, इंडिया शब्द दिया। एक देश को पहचान देने वाली यदि कोई नदी हुई, तो वह सिंधु नदी हुई। पूरी दुनिया में कोई ऐसी नदी नहीं है, जिसने एक देश, एक सभ्यता को नाम दिया हो।

हम सब सिंधु के उपासक हैं और सिंधु के तट पर, सिंधु घाट का डिजाइन हमने बनाया, लेकिन आज स्थिति यह है कि पाकिस्तान से जो इंडस ट्रीटी हुई है, उससे पूरे लद्दाख और कश्मीर को सिंधु का पानी नहीं मिल रहा है, खतरा हो गया है। उधर चीन सिंधु पर बांध बना रहा है, जिससे हमारी सिंधु को खतरा पैदा हो गया है, हमारे देश को खतरा पैदा हो गया है।

उपसभापति महोदय, पूरी दुनिया में एक नदी है, जिसने एक देश को नाम दिया। मैं केवल एक बात कहना चाहता हूं कि हम गंगा को अपवित्र करते हैं, यमुना को अपवित्र करते हैं, सरकार का भी दोष बताते हैं, लेकिन उसमें सारे रंग की सरकारें शामिल हैं। जिसके हिस्से में जो आया, उसने गंगा और यमुना पर कोई काम नहीं किया, इसलिए दोषी और अपराधी हम हैं। मैं उत्तराखंड से आता हूं। 1 लाख साल से गंगा नदी को सूखी धारा कभी किसी ने नहीं दिखाई, लेकिन हमने दिखाई। हमने वह जलवा दिखाया कि भागीरथ, जो उत्तराखंड में गंगा लेकर आए और शिव की जटाओं में गंगा समाई, उस गंगा को सुखा कर उत्तर काशी के ऊपर अगर किसी ने गंगा का तल दिखा दिया, जो 1 लाख साल से किसी ने नहीं देखा था, वह तल हमने दिखाया। बाहर से कोई विदेशी लोग नहीं आए, न मुगल आए, न तुर्क आए, न अरब आए, हम लोगों ने, हम जो हिंदू, हिंदू कहते हैं, हमारे पाखंड ने गंगा को गंदा किया, हमारे पाखंड ने यमुना को गंदा नाला बनाया जिनका कूड़ा, कर्कट, केमिकल और फर्टिलाइजर उस गंगा को गंदा करता है, क्या वे कोई विदेशी लोग हैं? ये लोग वे हैं, जो दस उंगलियों में पंद्रह अंगूठियां पहनते हैं, साल में पन्द्रह–पन्द्रह हवन, यज्ञ करवाते

हैं। वे संत हैं, महात्मा हैं, मठाधीश हैं और उनका पाखंड गंगा के किनारे गंगा को अपवित्र करता है। हमने देखा है कि जब जन सैलाब उमड़ता है तो बड़ी से बड़ी सत्ता उसके सामने झुक जाती है। वही रामदेव, जिनको लेने के लिए प्रणब मुखर्जी साहब भी गए थे, गंगा को लेने के लिए आपने कौन सा जन सैलाब उमाड़ा? आप कौन सा जन सैलाब लेकर आए। हिंदू–मुसलमान दोनों इकट्ठे होकर आएंगे, लेकिन जब जनता सजग और सचेत होगी और गंगा के किनारे आजीविका के लिए दुकानें चलाने वाले इन लोगों के ऊपर प्रश्न करेगी, तब यह गंगा पवित्र होगी। हमने देखा इन संतों, महात्माओं के आश्रम, गंगा को अपवित्र करने वाले ऋषिकेश और हरिद्वार।

उनसे कौन सवाल करेगा? उपसभापति जी, केवल जनता के पाखंड पर चोट होगी, जनता को खड़ा किया जाए। सरकार और समाज का समन्वय, गंगा, यमुना और सभी नदियों की पवित्रता करे, इसके लिए इस पाखंड पर चोट होनी चाहिए। ऋषि दयानंद की पाखंडखंडिनी पताका लेकर फिर से हिंदू खड़ा हो, क्योंकि हर हिंदू भी इस गंगा, यमुना को गंदा नाला बनाने में उतना ही शरीक है, जितने सत्ता के लोग हैं। ■

नदी आयुर्विज्ञान संस्थान बनना चाहिए : अनिल माधव दवे

vkज का जो विषय है वह है भारत की नदियां, विशेष संदर्भ गंगा और यमुना। भारत की संसद को भारत की सारी नदियों पर विचार करना पड़ेगा। केरल की नीला नदी को छोड़कर बात नहीं हो सकती, असम की सियांग नदी को छोड़कर बात नहीं हो सकती, गुजरात की ओजत नदी को छोड़कर बात नहीं हो सकती, सारी की सारी नदियां गंगा परिवार है। गंगा का यह पूरा परिवार है, इस परिवार के अंदर जितनी नदियां हैं, उन सारी नदियों के स्वास्थ्य का विचार जरूरी है और जब हम नदी कहते हैं तो सारे लोग नदियों का मतलब निकालते हैं कि दो किनारों के बीच में बहता हुआ पानी। यह नदियों के संबंध में अधूरी समझ है।

नदियों के संबंध में मेरा विषय इंटरनेट से डाउनलोडेड नहीं है, यह किसी पांच सितारा होटल के सेमिनारों में से नहीं निकलता है। यह नदी के किनारे पनपता है और नदी के किनारे धूल खाकर केवल चप्पल चटका करके खड़ा होता है। हम नर्मदा के संरक्षण पर काम करते हैं, नदी को उसकी समग्रता से समझने की जरूरत है, नदी अपने आप में दो किनारों के बीच में बहता हुआ पानी नहीं है, नदी अपने सम्पूर्ण जल ग्रहण क्षेत्र के साथ एक इकाई है। जो उसका catchment area है, वह catchment area के साथ जल ग्रहण के साथ वह एक इकाई है। जब भी किसी नदी पर बात करनी होगी तो केवल उसके दो किनारों के बीच बहते पानी से बात नहीं हो सकती, उसके सम्पूर्ण जल क्षेत्र पर बात

करनी होगी। नदी के संबंध में हम एक शब्द प्रयोग करने लग गए हैं और विशेषकर भारतीय प्रशासन में यह प्रयोग होता है, water body. नदी water body. नहीं है, यह एक जीवित इकाई है। इससे बात करो तो यह बात करती है, इसके साथ अगर गलत काम करो तो यह सजा देती है, इसके साथ अगर अच्छा व्यवहार करो तो यह आशीर्वाद देती है। क्योंकि, भारतीय चिंतन परम्परा के अंदर हमने इसे वाटर बॉडी बना दिया, जबकि हमको इसको यूज करना चाहिए, maximum utilisation of water, ऐसे–ऐसे फंडे खड़े कर दिए जो विषयों को समझते नहीं थे, वे कर्णधार बन गए और 65 सालों के अंदर हमने नदियों के मामले में दो काम किए हैं। जिन नदियों को हम सुखा नहीं पाए उनको हमने मैला कर दिया। भारत की सारी नदियों के साथ दो ही काम हुए हैं। जिनको मनुष्य सुखा सकता था, भारत की जनता सुखा सकती थी, भारत की सरकार सुखा सकती थी उनको हमने सुखा दिया। इस प्रकार अपने आसपास की सारी नदियों को देख लीजिए। जिन नदियों को हम सुखा नहीं सकते थे, गंगा को नहीं सुखा सकते थे, सियांग को नहीं सुखा सकते थे, ब्रह्मपुत्र को नहीं सुखा सकते थे, तो उनका क्या किया? हमने उनको गंदे नाले में तब्दील कर दिया है, उन्हें बहते हुए गंदे नाले बना दिया है। इन गंदे नालों के अंदर सबसे बड़ी भूमिका अगर किसी की है तो सरकार की है और शहरों की है। विशेष रूप से मैं कह रहा हूं कि अगर आप यह जानना भी चाहते हैं कि ये दोनों किस प्रकार से इसको प्रदूषित कर रहे हैं, तो सरकार नीतियों के माध्यम से प्रदूषित करती है और शहर उसको अपने जल–मल के माध्यम से प्रदूषित करता है। जो लोग यह कहते हैं कि फूल नदी में डालने से नदी गंदी हो जाती है या उसके किनारे किसी को जलाते हैं तो उससे प्रदूषण होता है, यह अधकचरा ज्ञान है। बिहार के अंदर यह कहावत है कि भगवान ने मुंह में जुबान दी हो तो हमें कुछ भी नहीं बोलना चाहिए। अगर प्रदूषण के सही मानकों को हम नहीं पहचान रहे हैं और इसलिए हमारे यहां वक्ता के संबंध में कहा गया है कि जो वक्ता जोर से बोलता है, जो चीख कर बोलता है, इसका मतलब, वह असत्य भाषण कर रहा है।

इसिलए मैं यहां कह देना चाहता हूं कि ऐसा कोई विषय नहीं है। नदी प्रदूषित हो रही है, जो रसायन हम उसमें डाल रहे हैं, जो लाखों

टन यूरिया और पेस्टिसाइड बरसात से बहकर उसकी Aquatic life के अंदर आ रहा है, उसने उसको पूरी तरह से बदल दिया है और ऐसा करने में हमने कोई कमी नहीं बरती है। जयराम रमेश जी हमारे मंत्री हैं, वे बोलते हैं कि खुले में शौच जाना शर्म का विषय है। बिल्कुल सही बात है। खुले में शौच जाना यह लज्जा का विषय है। लेकिन यहां मैं प्रश्न करना चाहता हूं कि एक आदमी के सार्वजिनक रूप से खुले में शौच जाना लज्जा का विषय है, डेढ़ करोड़ लोगों का जल–मल यमुना में डाल देना यह लज्जा का विषय नहीं है? इस पर लज्जा नहीं आ रही है कि डेढ़ करोड़ लोगों का मल–मूत्र यमुना जी में जा रहा है, इस पर किसी को लज्जा नहीं है।

एक आदमी के खुले में शौच जाने पर लज्जा महसूस होती है, यह एक विसंगित है और इस विसंगित को हमें समझना पड़ेगा।

उपसभापित जी, अगर हमारी नदियों को प्रदूषित होने से नहीं रोका गया, तो आजकल सेमिनारों में जुमले चल गए हैं कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए होगा। मुझे नहीं मालूम कि यह होगा या नहीं होगा, लेकिन वर्ग संघर्ष जरूर पैदा होगा और पानी के स्वामित्व को लेकर वर्ग संघर्ष होगा। 'रेणुका' के पानी को लेकर लोग कह रहे हैं कि हमारा पानी दिल्ली क्यों जाएगा? आपने यमुना से पानी ले लिया, तो down stream के लोग कह रहे हैं कि हमारा पानी कहां है? आप ज्यादा पानी कैसे ले रहे हैं? व्यक्ति और समाज में, समाज और सरकार में और सरकार व उसकी नीतियों में यह वर्ग संघर्ष कल बहुत भीषण स्वरूप ले लेगा। महोदय, इसे टालने का एक माध्यम है क्योंकि विषय को समझने या न समझने के कारण सारी समस्या पैदा होती है।

महोदय, मैं यहां एक उदाहरण देना चाहता हूं कि व्यवस्था को कैसे ठीक किया जा सकता है। रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नान्डीज साहब ने अपने मंत्रालय में एक नोट चलाया कि कारिगल में रहने वाले सैनिकों को एक विशेष प्रकार के जूते, मोजे और हाथ के दास्तानों की जरूरत है। उन्हीं के डिपार्टमेंट या फाइनेंस डिपार्टमेंट के लोगों ने उस प्रस्ताव पर रेड लाइन लगा दी कि not necessary, जो पुराने हैं, वे ही होने चाहिए। जॉर्ज फर्नान्डीज साहब ने कहा कि जितने लोग इस काम से जुड़े हुए थे और जो यह मानते हैं कि इन जूते और दास्तानों की जरूरत नहीं है, उन

सब को सियाचिन ग्लेशियर में एक सप्ताह के लिए भेज दो। ये जब वहां रहकर आ जाएंगे तो इन्हें समझ में आ जाएगा कि इन दास्तानों की कितनी जरूरत है।

महोदय, मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि हम यहां बैठ कर देश की समस्याओं की चर्चा करते हैं। आप यहां और नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक में, जहां प्रशासिनक अधिकारी बैठते हैं, एक दिन के लिए, दिल्ली में बह रही यमुना का पानी इनके एरिया में सप्लाई कर दीजिए, एक दिन के लिए कानपुर की down stream के पानी को यहां सप्लाई कर दीजिए, फिर आप देखेंगे कि बजट भी sanction हो जाएगा और लोग काम में भी लग जाएंगे।

हमारी समस्या यह है कि हम ग्रामीण आदमी की बात नहीं समझते, हम पिछड़े और अंतिम आदमी की बात नहीं समझते। हम तो टाई बांधने वाले व अंग्रेजी बोलने वाले की बात समझते हैं। आप वह पानी एक दिन यहां सप्लाई कर दीजिए और मैं भी यहां रहूंगा। वह पानी जब हमारे घरों में सप्लाई होगा तो आपको पता चलेगा कि यमुना के पानी की क्या स्थिति हो गयी है। अध्यक्ष महोदय, मुझे लगता है कि जॉर्ज फर्नान्डीज साहब का तरीका ज्यादा कारगर और सही है और इससे भारत की नदियों की पीड़ा को हमारे नीति निर्धारक समझ सकेंगे।

महोदय, नदी सिर्फ पानी नहीं है, वह अर्थशास्त्र है। नदी समाजशास्त्र है, नदी शिक्षा है। मैं जब केरल गया तो मुझे जानकर आश्चर्य हुआ कि नीला नदी वहां की संस्कृति, संगीत व सारी विधाओं का केन्द्र रही है। महोदय, आज असम इसलिए बना हुआ है क्योंकि वहां सियान नदी के किनारे न्याम घरों का जाल बिछा हुआ है।

इसलिए नदी कहीं–न–कहीं समाज है, संस्कृति है और हमें नदी को एक पूरे परिप्रेक्ष्य में समझना चाहिए। अगर हम इस पूरे परिप्रेक्ष्य में नदी को समझ जाएंगे, तो मुझे लगता है कि हमारी समस्या का आधा समाधान उसी क्षण हो जाएगा जब हम ठीक से diagnose कर लेंगे कि बीमारी क्या है। आज सारी बातें प्रदूषण पर सीमित हो गयी हैं। मैं मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि एसटीपी नाम की टैक्नॉलोजी एक बहुत बड़ा fraud है। एसटीपी का प्लांट लगने के बाद उसका महीनेभर का बिल आने पर नगर निगम कहती है कि इसका भुगतान वह नहीं कर सकती। यह मेरी

औकात से बाहर का विषय है। फिर क्यों treated या untreated पानी नदी में मिलना चाहिए? आप यह कैसे कह रहे हैं कि treated पानी नदी में डाला जाना चाहिए? क्या treated पानी हमारे शरीर में लगनेवाली saline में मिलाया जा सकता है? तो नदी को क्या हमने कचरा समझ रखा है कि हम treated पानी उसमें डाल देंगे? हम मान रहे हैं कि 'निर्भया' के साथ ज्यादती हुई और बाद में उसके पेट के अंदर सरिया डाल दिया गया।

इस देश की नदियों के साथ अत्याचार हो रहा है और उसके बाद प्रदूषण रूपी सरिया उसमें डाल दिया जाता है। सजा क्या मिलनी चाहिए? व्यक्ति को सजा मिल सकती है, व्यवस्था को सजा क्यों नहीं मिलनी चाहिए? इररिस्पॉबिल एडिमिनस्ट्रेशन कैसे हो सकता है? How can you say no today And yes tomorrow? यह कमजोर प्रशासिनक तंत्र के कारण है और इसलिए मैं आपसे निवेदन कर रहा हूँ। मैं अभी राजीव गांधी जी के ऊपर आने वाला हूं, क्योंकि उस आदमी को पीड़ा थी, उनको कष्ट था। इसलिए उन्होंने कहा था कि इसको ठीक करो, यह क्या हो रहा है, अगर पैसा चाहिए तो ले लो, मगर इस काम को करो। चूंकि उस पीड़ा को समझने वाले लोग आसपास नहीं थे, आसपास तो हिसाब करना था। अभी आप जिस बात पर नाराज हो रही थी, वह बात अपनी जगह आंशिक रूप से सही हो सकती है कि किसी के व्यक्तिगत आभूषण को लेकर आरोप नहीं होना चाहिए, लेकिन इस बात का भी पता लगाना चाहिए कि पांच हजार करोड़ रुपए कहां चले गए? इतने पैसे खर्च होने के बाद भी गंगा की और यमुना की ऐसी दुर्दशा क्यों है? अगर ऐसा है, तो इसके लिए किसकी कितनी भूमिका है? इस बारे में निश्चित तौर पर जांच करने की आवश्यकता है।

महोदय, सुझाव के रूप में मैं यहां पर दो–तीन बातें कहना चाहता हूँ। माननीय प्रधान मंत्री जी को इस संबंध में मैंने एक पत्र लिखा था और मैं उनका आभारी हूँ कि उन्होंने उस पत्र को आगे फार्वर्ड किया है। मैंने कहा है कि एक नदी आयुर्विज्ञान संस्थान बनना चाहिए, जिसके अंदर नदी पेशेंट है। यहां पेशेंट अस्पताल नहीं आएगा बल्कि अस्पताल पेशेंट के पास आएगा और इसमें हर साल पूरे देश की नदियों के संबंध में विचार होना चाहिए, जैसे हम व्यक्ति का अध्ययन करते हैं कि इसका

हॉर्ट इस साल कैसा था, लंग्स कैसे थे, किडनी कैसी है, लीवर कैसा है और बाद में एक रिपोर्ट बनाते हैं कि यह इस व्यक्ति की एग्जिक्यूटिव रिपॉर्ट है कि इस साल इसके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, उसी तरह नदी के अंदर होने वाले परिवर्तन के ऊपर अगर हमने हर साल विचार नहीं किया और उसको ठीक से मॉनिटर नहीं किया तो फिर यह घड़ियाली आंसू हैं, बहा लीजिए, गंगा को लेकर बहा लो, यमुना को लेकर बहा लो, बाकी सारी चीज़ें कर लो, स्थिति वहीं की वहीं खड़ी रहेगी। अगर हम निदान चाहते हैं तो कहीं न कहीं हमें नदी के स्वास्थ्य को एक जीवित व्यक्ति के स्वास्थ्य की तरह मॉनिटर करने की जरूरत है, जिसको करना पड़ेगा।

महोदय, जल के संबंध में समाज में एक अनुशासन खड़ा करना पड़ेगा। एक अरब बीस करोड़ लोगों के बीच में जो पानी के उपभोग को लेकर असमानता है, वह असमानता कल उठकर वर्ग–संघर्ष का कारण बनेगी। महानगरों में रहने वाला एक व्यक्ति 200 लीटर पानी प्रति दिन यूज़ कर रहा है और राजस्थान के अंदर, महाराष्ट्र के कई हिस्सों में रहने वाला, उड़ीसा के कई हिस्सों में रहने वाला एक व्यक्ति बीस लीटर पानी भी यूज़ नहीं कर पा रहा है। चेरापूंजी में रहने वाला आदमी भी नहीं कर पा रहा है। कहने का तात्पर्य यह है कि जो उपभोग में विसंगति है, इस विसंगति को दूर करने की जरूरत है। ठीक है, दस, बीस, तीस लीटर का समझ में आता है, मगर बीस लीटर और दो सौ लीटर की जो विसंगति है तो फिर गांव वालों को यह लगता है कि नदी मेरी, तालाब मेरा और यहां से पंप डालकर ले जाओगे, बेकाम यूज़ करोगे और मुझे पीने को नहीं है, मुझे नहाने को नहीं है, मेरे खेत के लिए पानी नहीं है, तो इसे लेकर फिर अगर रामलीला मैदान पर कोई झंझट होता है तो वह नई बात नहीं है। इसको लेकर पूरे देश में रामलीला खड़ी हो जाए तो आश्चर्य का विषय नहीं है। यह होकर रहेगा, क्योंकि पानी के उपभोग के संबंध में समाज के अंदर जो विसंगित है, इस विसंगति को समझने की जरूरत है और मुझे लगता है कि इसके पहले कि आने वाले पांच या दस वर्षों के अंदर इस विश्व के अंदर बादलों की चोरी होने लग जाय, क्योंकि पांच से दस वर्षों के अंदर इस देश के जी–7 कंट्रीज बादलों की चोरी करने लगेंगे, यह जो हिमालय और बड़ी–बड़ी पहाड़ियों पर बर्फ जमी हुई

है, यह बर्फ संघर्ष का कारण बन जाएगी। यह बर्फ एक तरह से जिस–जिस ढंग से पानी का स्टोर किया जा सकता है उसका स्टोरेज है और सूक्ष्म जल जो हवा में विद्यमान है यह सूक्ष्म जल भी चोरी होने लगेगा। इससे पहले कि इन सारी चीजों की चोरियां शुरू हो जाएं, इसके पहले climate change और global warming के नाम पर जो–जो चलता है, वह चलता रहे, क्योंकि मैं ऐसे सारे सेमिनारों में जाता रहता हूँ और मैं देखता रहता हूँ कि जो लोग भाषण करते हैं वही डाइनिंग टेबल के ऊपर ही भोजन खराब कर देते हैं, जिसको बनाने के लिए इतना कार्बन एमीशन करना पड़ा। इसलिए इन लोगों के भरोसे समस्यायों का निदान नहीं हो सकता। यह तथ्य बदलने पड़ेंगे और इनको इस जगह से हटाना पड़ेगा। बीमारी की जड़ यहीं हैं। यही तोलोलिंग है, जिसकी टॉप पर से गोली चल रही है, एलएनजी चल रही है। तो सबसे पहले इस एलएनजी को ठंडा करो, क्योंकि जब तक यह एलएनजी चलती रहेगी, तब तक ऊपर जाने को नही मिलेगा और हम जीत भी नहीं पाएंगे। मुझे लगता है कि उस दिशा में सोचने की जरूरत है।

अंतिम बात कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करूंगा कि हर एंगल पर हमें पानी की बचत को लेकर सोचना पड़ेगा कि वाश–बेसिन की डिजाइन, कमॉड की डिजाइन, नल का स्वरूप कैसा हो, जिससे पानी की बर्बादी कम हो सके। एक बच्चा बीस–बीस मिनट तक शॉवर के नीचे नहा रहा है और दूसरा बच्चा गाय का पेशाब पीकर अपनी प्यास बुझा रहा है।

चाहिए तो फोटो भी उपलब्ध है, ले लीजिए। अब यह जो विसंगति है, इस विसंगति को कैसे दूर करेंगे? इसके लिए हमें कहीं न कहीं technology का सहारा लेना पड़ेगा। मैं अंतिम बात कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। एक शायर की बहुत प्रसिद्ध शायरी है, और वह बहुत बार कही गई है। चूंकि राजीव गांधी जी ने इस काम को करने के लिए बहुत पीड़ा के साथ पैसे दिए और उन्होंने कहा कि कर लो। मैं जानता हूं कि एक सभ्य आदमी, अगर अपने से छोटे लोगों के बीच फंस जाए, तो उसकी क्या दुर्गति होती है, I understand, मैं उन्हें समझ सकता हूं। उनके संबंध में शायर ने कहा कि ''इधर–उधर की बात न कर, यह बता कि काफिला लुटा कैसे''?

मंत्री महोदया, मैं आपसे निवेदन करूंगा कि आप जवाब देते समय इधर–उधर की बात न करके, केवल यह बताना कि राजीव गांधी जी का सपना लुटा कैसे? पहले 1985, फिर 1995, फिर 2005, अब 2015 पर आकर हम खड़े हो गए हैं। आप कहीं मत जाइए, उन्हीं Treasury Benches से, जिनके नाम से खाते हैं, कमाते हैं, सारा सब–कुछ चल रहा है, जिनके बिना पार्षद का चुनाव जीतना मुश्किल है, ऐसे लोगों के भरोसे हम चल रहे है और अगर हम उनके सपनों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं, तो यह आने वाले भविष्य में बड़े संघर्ष का विषय है।

आज नदियां संरक्षण चाह रही हैं, संरक्षण चाहने के अंदर एक शब्द का प्रयोग बंद कर दीजिए कि हमें हिमालय बचाना है, नदियां बचानी हैं। क्या औकात है तुम्हारी? तुम तो सौ साल में मर जाओगे, तुम क्या नदी बचाओगे और तुम क्या हिमालय बचाओगे! अगर बात करनी है, तो कहो कि हमें हिमालय की सेवा करनी है। "Wife" कहने में और 'अर्द्धांगिनी' कहने में फर्क है। शब्दों के प्रयोग से अंतर आता है। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि बचाने की ज़िद छोड़िए, गंगा की सेवा शुरू करिए, यमुना की सेवा शुरू करिए।

उपसभापित जी, आपने यह जो विषय आज यहां लिया है, मुझे तो नहीं लग रहा था कि यह विषय इस संसद में कभी उठ सकता है, क्योंकि नदी तो priority sector में बहुत पीछे का विषय है, तालाब तो priority sector में बहुत पीछे का विषय है, क्योंकि हम बहुत high-tech लोग हैं, हमें समझ में नहीं आता है या तो हम एक निश्चित सीमा से बहुत ज्यादा पीड़ित हो जाते हैं, तब हम समझते हैं। आपने इस विषय को यहां रखने दिया, मुझे इस चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका और अपने दल का बहुत आभारी हूं। धन्यवाद। ■

हमारी नदियां बचनी चाहिए : संजय राउत

सर, मैं आपका आभारी हूं, जो आपने मुझे इस पर बोलने का मौका दिया है। मैं रविशंकर प्रसाद जी का भी आभारी हूं कि उन्होंने एक अच्छे विषय पर यहां चर्चा शुरू की है। यहां दंगे तो बहुत होते हैं, लेकिन जो गंगा का विषय आपने लाया है, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

गंगा, यमुना, सरस्वती, गोदावरी, कावेरी आदि का हर राज्य में नाम अलग है, लेकिन वह गंगा है। यह विषय पूरे देश के साथ और देश की आस्था के साथ जुड़ा हुआ है। आज हमारी सभी नदियां, चाहे वह गंगा हो या यमुना, मुझे लगता है कि अगर वे सजीव होतीं, तो हमारे सामने रोने लगतीं कि हमारी यह क्या हालत बना दी है। हमारी नदियां आज आह भरती होंगी। गंगा भी रो–रोकर कहती होगी, कि :

मेरे बीते हुए कल का तमाशा न बनो,
मेरे आने वाले हालात को बेहतर कर दो,
मैं बहती रहूं अविरल, इतना सा निवेदन है,
नदी से मुझको सागर कर दो।

लेकिन, हमने नदी का नाला बना दिया है। गंगा हमारी सभ्यता और हमारी संस्कृति का प्रतीक है। चाहे वह गंगा हो या यमुना, ये नदियां हमारे लिए केवल बहती हुई जलधाराएं नहीं हैं, बल्कि ये हमारी आस्था और श्रद्धा का भी प्रतीक हैं। ये हमारे आध्यात्मिक, धार्मिक व वैज्ञानिक आदि महत्वपूर्ण विषयों के साथ–साथ हमारे रोजगार से भी जुड़ी हुई हैं। इनका हमारे जीवन पर इस कदर असर है कि हम सौगंध भी गंगा की खाते हैं, गंगा की शपथ लेते हैं और अपनी पवित्रता दिखाने के लिए कहते हैं कि हम गंगा की तरह पवित्र हैं।

इसलिए गंगा का महत्व हमारे जीवन में, हमारे देश में और हमारे संसार में बहुत है। गंगा 11 राज्यों से होकर गुजरती है और देश की 40 प्रतिशत जनता की प्यास बुझाती है। जहां तक धार्मिक आस्था का सवाल है, तो देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व से लोग गंगा किनारे आते हैं और गंगा में डुबकी लगा कर खुद को पापमुक्त करने की कोशिश करते हैं, पवित्र होते हैं। बदले में हम गंगा को क्या देते हैं? हम देते हैं, प्रदूषण और गंदगी। यह हमारा दुर्भाग्य है कि जिस नदी की महिमा और पवित्रता पूरे विश्व के लिए अध्ययन का विषय बनी है और जिसके लिए विदेश से सैंकड़ों वैज्ञानिक यहां आते हैं, उस नदी में हम हर दिन 30 हजार से 35 हजार एमएलडी गंदगी और मल डाल देते हैं। हजारों कत्लखाने, सैंकड़ों केमिकल प्लांट्स, टेक्सटाइल मिल्स, नाले और नालियों के जरिए ये गंदगी बिना ट्रीटमेंट के ही नदी में छोड़ दी जाती हैं। जिसे हम पवित्र गंगा जल कहते हैं, वह गंगा जल आज जहर बन गया है। हाल ही में, उत्तर प्रदेश के सात शहरों से 11 नमूने लिए गए थे, जिनमें बैक्टीरिया के मामले में सबसे प्रदूषित पानी वाराणसी में मिला। वाराणसी में गंगा के प्रवेश के वक्त 1,40,000 बैक्टीरिया पाए गए, तो इसके निकलते वक्त से बढ़कर 3,50,000 तक पहुंच गए। पानी में 'फीकल कोलीफार्म', यानी मल से उत्पन्न होने वाला बैक्टीरिया भी बहुत तेजी से बढ़ता नजर आया। यानी, वाराणसी में गंगा की शुद्धि के लिए जो काम किया गया, उसका कोई फायदा नहीं हुआ, बल्कि जो पैसा वहां खर्च हुआ है, वह पैसा भी उस प्रदूषित पानी में बह गया है, तो उसके लिए कौन जिम्मेदार है?

अगर हम यमुना की बात करें, तो उसकी हालत गंगा से भी खराब है। यमुना में प्रदूषण इस हद तक बढ़ चुका है कि वहां जलचर लगभग खत्म हो चुके हैं। यमुना हरियाणा, दिल्ली और यूपी में 1370 किलोमीटर में बसे लाखों लोगों की प्यास बुझाती है, उन्हें रोजगार देती है, पर मुझे बेहद अफसोस के साथ यह कहना पड़ रहा है कि जैसे ही यमुना दिल्ली के 22 किलोमीटर रास्ते से गुजरती है, तो वह नाले में तब्दील हो जाती है, क्योंकि दिल्ली के 18 बड़े नाले हर दिन 3,500 एमएलडी से अधिक सीवेज उसमें छोड़ देते हैं। जो यमुना दिल्ली की लाइफलाइन है, उसे दिल्ली ने देश का सबसे बड़ा प्रदूषित वाटर रिसोर्स बना दिया है।

गंगा और यमुना सदियों से न केवल करोड़ों हिन्दुस्तानियों के लिए,

बल्कि उन पर पलने वाले पशु–पक्षियों और जलचरों के लिए भी जीवनदायिनी रही हैं, पर हाल के वर्षों में जिस तरह से इन नदियों को बेलगाम होकर प्रदूषित किया जा रहा है, वह चिंता का विषय है। गंगा–यमुना का पानी पीने लायक तो छोड़िए, नहाने और खेती करने के लायक भी नहीं बचा है और उसके लिए हम सब जिम्मेदार हैं, यह हम सब की जिम्मेदारी है। किसी भी देश का विकास हमेशा अपने वातावरण, पर्यावरण और प्रकृति के अनुसार होता है और प्राचीन काल से हमारी नदियां हमें समृद्ध बनाती रही हैं। गंगा और यमुना इस देश की धमनियां हैं। जिस तरह इंसान की धमनियों में खून बहता है, उसी तरह देश की धमनियों में गंगा–यमुना का पवित्र जल है। यदि यह पवित्र जल दूषित नाला बन गया, तो इस देश की सेहत का क्या होगा? यह समझना हम सब की जिम्मेदारी है। अगर हम गंगा–यमुना की रक्षा नहीं कर सकते, तो देश की रक्षा कैसे करेंगे? जैसे देश की सीमाओं की रक्षा जवान करेंगे, उसी तरह गंगा–यमुना जैसी नदियों की रक्षा का जिम्मा हम सबका है और यह जिम्मा पूरे देश का है।

हमने युरोप में देखा है कि टेम्स और राइन नदियां इतनी गहरी हैं कि उनमें बड़े–बड़े जहाज चलते हैं। उनकी तुलना में हमारी नदियां गहरा नाला बन चुकी हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए हमें अपने देश और समाज का विकास करने के लिए अपनी पवित्र नदियों की रक्षा करनी चाहिए और आने वाली पीढ़ियों को इन्हें एक धरोहर के रूप में सौंप कर हमारा जो जिम्मा है, उसे पूरा करना चाहिए। सरकार अपनी तरफ से जरूर काम करती होगी, लेकिन जैसा कि बघेल साहब ने कहा कि इसके लिए जरूर कोई परिस्थिति निर्मित होगी, लेकिन उसको सम्भालना सरकार की जिम्मेदारी है। हम सब देशवासियों की भी इतनी जिम्मेदारी है कि हम इस बात के लिए अविरल संघर्ष करते रहें कि हमारी नदियां बचनी चाहिए। गंगा, यमुना, सरस्वती, कावेरी अदि सभी नदियां, जो हमारे देशकी सम्पत्ति हैं, उनके लिए हमें एक ऐसी जागृति लानी चाहिए, एक ऐसा जागरण पैदा करना चाहिए कि हमारी आने वाली पीढ़ियां भी इस संघर्ष में शामिल हों और हमारी इस सम्पत्ति का रक्षण करें। ■

यदि गंगा-यमुना को बचाना है तो विकास की इस नीति को छोड़ना पड़ेगा : शिवानन्द तिवारी

मपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदया यहां बैठी हैं, हांलाकि बेहतर होता कि प्रधान मंत्री जी खुद यहां उपिस्थत रहते। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूं कि अभी कुछ दिन पहले हम लोगों ने अखबारों में पढ़ा था कि प्रधान मंत्री जी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की एक नई कमेटी बनी है और उस कमेटी को इसिलए बनाना पड़ा कि जयन्ती जी का जो विभाग है, वह infrastructure का जितना project है, उसको पास करने में बहुत डिले कर रहा है। पर्यावरण का सवाल, ecology का सवाल उठाकर वह डिले कर रहा है, इसलिए जल्दी से जल्दी, बड़े–बड़े projects को पास करने के लिए प्रधान मंत्री जी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की एक कमेटी बनी है, जिसमें वित्त मंत्री जी भी हैं। इसलिए मैंने कहा कि यदि प्रधान मंत्री जी भी यहां रहते, तो बहुत अच्छा होता।

महोदय, दूसरे कारण से भी हम प्रधानमंत्री जी की मौजूदगी चाहते थे, इसलिए कि जिस सवाल पर हम लोग बहस कर रहे हैं, वह सवाल एक बहुत बड़ी आबादी के जीवन और मरण का सवाल है। यह सिर्फ राम और कृष्ण का ही सवाल नहीं है, जैसा कि अभी हमारे रवि शंकर जी ने कहा और कांग्रेस पार्टी की ओर से भी कहा गया, ये राम और कृष्ण इसलिए हैं कि राम और कृष्ण के भक्त हैं। अगर भक्त ही नहीं होंगे, तो राम और कृष्ण का नाम लेने वाला कौन बचेगा? तो हालत ऐसी है कि राम और कृष्ण के जो भक्त हैं, उन्हीं के जीवन पर संकट है। मैं कोई हल्की–फुल्की बात नहीं कर रहा हूं, मैं यह सोच–समझकर

कह रहा हूं। महोदय, आप देखिए, जो आंकड़े लोगों ने बताए, अभी हम देख रहे थे और जयन्ती जी भी यह जानती होंगी, NERI (National Environment Research Institute) का एक आंकड़ा है कि देश में जो ग्राउंड वाटर है, उसका 85 प्रतिशत हिस्सा, देश की जो 14 महत्वपूर्ण नदियां हैं, उन निदयों से ही बहता है। उनकी हालत आज क्या है? NERI का कहना यह है कि इन निदयों का जल भयानक ढंग से प्रदूषित हो गया है। कई जगह जब आप इन निदयों में स्नान करते हैं, तो इसका मतलब यह है कि आप skin diseases को न्यौता दे रहे हैं।

तरह–तरह के रोग हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण क्या है? इसका मुख्य कारण है industrial waste. महोदय, गंगा नदी की बात हो रही थी। आप दूसरी जगहों की बात छोड़ दीजिए, इलाहाबाद की बात छोड़ दीजिए, पटना की बात छोड़ दीजिए, ऋषिकेश से जब गंगा नदी निकलती है तो वहां आईडीपीएल की दवा बनाने की फैक्टरी है, उसका जो residue है, उसका जो chemical है, वह गंगा नदी में आ रहा है। वहां BHEL की फैक्टरी है, उसकी जो गंदगी है, वह गंगा के पानी में आ रही है। वहीं अगल–बगल से गंगा निकली है। इस प्रकार जहां से गंगा निकल रही है, वहीं पर उसको मैला किया जा रहा है। जब ऐसी हालत है तो फिर मनुष्य कैसे बचेगा? महोदय, अभी मुझसे पहले दर्शन बाबू बोल रहे थे। उन्होंने कुरान का उदाहरण दिया, हिन्दू धर्मग्रंथ यजुर्वेद का उदाहरण दिया। सारे ग्रंथों में जल को ही सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। जितनी भी दुनिया की सभ्यताएं बनी हैं, वे सभ्यताएं, प्रकृति ने जो साधन और संसाधन प्रदान किए हैं, उन्हीं के आधार पर बनी हैं। उनमें जो पानी है, जल है, वह सबसे महत्वपूर्ण चीज़ है।

आज उसकी क्या हालत हो गयी है? इसलिए, जब ग्रोथ रेट की बात होती है, जीडीपी की बात होती है, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दरम्यान मैंने इस ओर ध्यान आकर्षित किया था। जीडीपी की जो ग्रोथ हो रही है, उससे जो ecological footprint है, जो ecological deficit है, उस पर क्या प्रभाव पड़ रहा है? मैंने उस

दिन कहा था कि श्याम सरन जी, जो Ministry of External Affairs के सेक्रेट्री हैं, उनका लेख छपा, जिसमें उन्होंने कहा कि देश चिंता कर रहा है, प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री चिंता कर रहे हैं, fiscal deficit की बात कर रहे हैं, current Account deficit की बात कर रहे हैं, लेकिन देश में development के मॉडल के चलते जो ecological deficit क्रिएट हो रहा है, वह सबसे ज्यादा चिंताजनक बात है। उपसभाध्यक्ष महोदय, इस देश में आज के दौर में मारा–मारी चल रही है कि हम देश को आगे ले जाएंगे, हम देश के जीडीपी को और तेजी से आगे बढ़ाएंगे। यह सरकार ग्रोथ को नहीं बढ़ा रही है। यह जो competition की बात हो रही है, इससे मेरे जैसा आदमी डर रहा है क्योंकि हम देख रहे हैं कि आज जीडीपी की जो कीमत हमें चुकानी पड़ रही है, वह इतनी जबर्दस्त है कि आदमी के जीवन पर ही संकट हो गया है। इसलिए हम यह गुज़ारिश करेंगे कि यह कोई साधारण बात नहीं है। आप इन नदियों को तब तक साफ नहीं कर सकते, जो अंडरग्राउडं पानी है, उसको आप तब तक साफ नहीं कर सकते, जब तक आप विकास की नीति को नहीं बदलेंगे। दर्शन बाबूने कहा कि यह विकास की नीति नहीं है, हम विनाश की दिशा में जा रहे हैं। यह गांधी का देश है। हमें याद है, हमने उस भाषण में सुना था, 1909 में गांधी जी ने जो किताब लिखी, उनका जो बीजमंत्र है, उसमें उन्होंने लिखा कि कोई अंधा आदमी भी यह बता सकता है कि यह जो औद्योगिक सभ्यता है, यह जो विकास का तथाकथित मॉडल है, यह विनाश की ओर ले जा रहा है। आज यह साफ दिखाई दे रहा है कि दुनिया विनाश के कगार पर पहुंच रही है। जो पश्चिम के देश हैं, अमेरिका है, उसकी बात आप छोड़ दीजिए। आज वहां जो global warming हो रही है, उसका उन्हें फायदा हो रहा है। हमने कहीं पढ़ा कि North Pole पर जो बर्फ पिघल रही है, उससे एक नया रास्ता बन रहा है। अभी रूस ने एक लाख बीस हजार टन का एक तेल का जहाज चीन भेजा। उपसभाध्यक्ष महोदय, जो स्वेज नहर से होकर चीन जाने का रूट है, वह 17 हजार किलोमीटर से ज्यादा का है, लेकिन यह नया रूट, जो नॉर्थ पोल पर बर्फ के पिघलने से बना है, उससे वह सीधे 60

हजार फुट कम हो जाता है। इस तरह से जो यूरोप के लोग हैं, जो अमेरिका के लोग हैं, जो कनाडा के लोग हैं, उनको ग्लोबल वार्मिंग से फायदा होता हुआ दिखाई दे रहा है। आज रूस को दिखाई दे रहा है कि साइबेरिया का जो इतना बड़ा भूक्षेत्र है, वहां जमीन के अंदर भूगर्भ में नए–नए खजाने उन्हें मिलने वाले हैं। इन सब लोगों को यही दिखाई दे रहा है, इसलिए उनकी बात अलग है, लेकिन जो गर्म प्रदेश हैं, जो विषुवत रेखा के नीचे रहने वाले प्रदेश हैं, जिसमें हम हैं, उनकी हालत खराब होने वाली है। यहां हम लोग बैठे हुए बात कर रहे हैं, हम लोग privileged लोग हैं, हम लोग बोतल का पानी पीते हैं, हम ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में रहते हैं, जहां हर घर में प्लांट लगा हुआ है, जयन्ती जी भी वहीं रहती हैं। वहां पर हमारे घरों में काम करने वाले जो कर्मचारी हैं, वे कहते हैं कि नल का पानी पीने से रोग हो जाते हैं। वे हमारे घर से या उनके घर से फिल्टर का पानी लेकर जाते हैं।

इस देश की जो प्रिवलेज क्लास है, उसको उतना डर नहीं है, लेकिन जिसको बोतल का पानी नहीं मिलता है, जिसके घर में फिल्टर नहीं है, वह पानी पीकर बीमार हो जाता है। गंगा–यमुना के किनारे बहुत बड़ी आबादी बसी हुई है, अकेले गंगा के बेसिन में 40 करोड़ लोग बसते हैं, वे उसी पानी को पी रहे हैं और उसी से उनका जीवन चल रहा है। उनकी जिंदगी के बारे में किसी को चिंता नहीं है। चिंता इस बात की है कि हमको गद्दी दो, हम जीडीपी को बढ़ायेंगे। हमने इस देश की आजादी के समय संकल्प लिया था कि हम देश की तरक्की स्वदेशी के रास्ते से करेंगे।

स्वदेशी ही बीज मंत्र था, आज हमने उसको छोड़ा है और आज हम दूसरों की नकल कर रहे हैं, यह साधारण बात नहीं है। यह सिर्फ राम और कृष्ण की बात नहीं है, यह सिर्फ धर्म की बात नहीं है। जो साधु–संत लोग हैं, वे क्यों नहीं गंगा–यमुना के किनारे लाश जलाने वाले लोगों को समझाते हैं। वहां पर 24 घंटे शव जलते रहते हैं। इससे बहुत गंदगी फैल रही है। बहुत से साधु–संत जलते नहीं हैं, वे गंगा में ही समाधि ले लेते हैं, इस कारण से भी प्रदूषण फैल रहा है। हमारे समाज में परम्परा है कि पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे को जलाया नहीं

जाता है, उसको ऐसे ही नदी के पानी में प्रवाहित कर दिया जाता है।

जो गरीब लोग हैं, वे पूरी लकड़ी का इंतजाम नहीं कर पाते हैं और वे अधजली लाश को गंगा नदी में फैंक देते हैं। जो लोग हरिद्वार में और कुम्भ में पूजा करने जाते हैं, वे पोलिथीन में फूल वगैरह लेकर जाते हैं, इससे भी प्रदूषण फैलता है। ये साधु–संयासी गंगा–यमुना को प्रदूषित करने से लोगों को रोकने के लिए नहीं निकलते हैं, बल्कि ये साधु–संन्यासी प्रधान मंत्री बनाने के लिए निकलते हैं। इनको देश की जनता को जागरूक करना चाहिए। जब तक हम अपनी आदतें नहीं बदलेंगे, जीवनचर्या नहीं बदलेंगे, तब तक हम प्रदूषण को नहीं रोक सकते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात को खत्म कर रहा हूं। आज सुबह हमारा अपनी पत्नी के साथ झगड़ा हो रहा था, हम लोग कल ही कुम्भ में स्नान करने के लिए गए थे। हमने कहा कि हम लोग भी वहां जाकर थोड़ा प्रदूषण वहां छोड़ आयें। इसी पर बहस निकली और कहा कि 20–30 साल पहले का समय याद कीजिए। उस समय घर में चार कमरे और एक पखाना होता था। आज जमाना बदल गया है, आगे बढ़ गया है।

आज हर कमरे में बाथरूम है। हमारे पास पहले पहनने के लिए इतने कपड़े नहीं होते थे। हम लोग एक कपड़े को दो दिन, तीन दिन तक पहनते थे, आज हम रोज़ कपड़े बदलते हैं। यहां पर बहुत लोग हैं जो दिनभर में दो–तीन बार कपड़े बदलते हैं, इससे कपड़े ज्यादा धुलते हैं, उनमें डिटर्जेंट इस्तेमाल होता है और हम ज्यादा डिटर्जेंट सीवरेज के जरिए से छोड़ते हैं। यह जो हमारा लाइफ स्टाइल बदला है, यह जो नया जमाना आया है, यह जो कंज्युमरिस्ट कल्चर आया है, इसने पूरे जीवन की शैली को बदल दिया है। अगर आप सचमुच गंगा–यमुना को बचाना चाहते हैं, अगर आप सचमुच राम–कृष्ण की स्मृति को कायम रखना चाहते हैं, तो विकास की जो नीति है, इसको छोड़िए। इसके रहते गंगा को बचा पायेंगे, न यमुना को बचा पाये और अगर गंगा–यमुना नहीं बचेगी, तो राम–कृष्ण भी नहीं बचेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। ■

गंगा-यमुना में कचरा डालना दंडनीय अपराध घोषित हो : डा० राम प्रकाश

माननीय उपसभापति जी, मुझे आपने और मेरी पार्टी ने एक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर मेरे साथियों के साथ अपने विचार साझा करने का मौका दिया है, उसके लिए मैं आभारी हूं। महोदय, जैसे कि बात प्रारंभ हुई, इस चर्चा में प्रदूषण की बात होगी, आंकड़ों की बात होगी, होनी भी चाहिए और उसे मैं भी करूंगा, पर मेरे मन में एक अन्य प्रश्न उठता है कि क्या गंगा और यमुना केवल नदियां हैं, केवल पानी का प्रवाह है? मैं ऐसा नहीं मानता। ये भारतीय संस्कृति की प्रतीक हैं।

प्रयाग में केवल दो नदियां ही नहीं मिलतीं, दो संस्कृतियां मिलती हैं, उनका वहां संगम होता है, जिसे हम गंगा–जमुनी संस्कृति बोलते हैं। इन नदियों का मिलना, इनका बहना, इनका जल–प्रवाह, केवल जल–प्रवाह नहीं है, बल्कि गंगा–जमुनी संस्कृति का प्रवाह भी है। महोदय, मैं सोचता हूं कि आज यह संयोग है कि गंगा–यमुना पर भी खतरा है और गंगा–जमुनी संस्कृति पर भी खतरा है? आज दोनों के लिए अनादर का भाव है। ऐसा क्यों है? आज इस देश में सभी सांस्कृतिक मानकों के प्रति अनादर का अभाव होता चला जा रहा है। जिस देश में कभी यह कहा जाता था, 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसि', आज वहां कुछ लोगों के लिए भारत, भारतमाता नहीं बल्कि real estate है। आज वे अपने आपको उसके पुत्र नहीं बल्कि प्रॉपर्टी डीलर मानने लगे हैं और अज्ञानता का अभाव इस सीमा तक चला गया है कि मैंने गलियों में लोगों को गीत गाते सुना है, 'गंगा मेरी मां

का नाम, बाप का नाम हिमालय।' अरे भाई, गंगा तो हिमालय की बेटी है, तुमने इस गीत में उसका कौन सा सम्बंध जोड़ दिया? यह संस्कृति का अभाव है, जिसकी वजह से आज गंगा और यमुना के प्रदूषण के बारे में हमें चर्चा करनी पड़ रही है। मैं अपने सम्माननीय साथी के साथ पूर्णतः सहमत हूं कि गंगा और यमुना के प्रदूषण की बात न धर्म की बात है, न राजनीति की बात है, यह हमारी संस्कृति की बात है।

मैं यहां कवि हृदय भारत के पहले प्रधान मंत्री स्वर्गीय श्री जवाहर लाल नेहरू, जो गंगा के किनारे प्रयाग में पैदा हुए थे, उनकी दो लाइनें आपके बीच में रखना चाहूंगा। उन्होंने लिखा है

"The Ganga, especially, is the river of India, beloved of her people, round which are intertwined her memories, her hopes and fears, her songs of triumph, her victories and her defeats, She has been a symbol of India's age long culture and civilisation, ever changing, even flowing and yet ever the same Ganga"

इसमें नेहरू जी ने एक और जगह लिखा है :

"The Ganges, above all, is the river of India which has held India's hearts captive and drawn uncounted millions to her banks since the dawn of history- The story of the Ganges, from her source to the sea, is the story of India's civilisation and culture."

आज इन नदियों में जो प्रदूषण है, वही प्रदूषण गंगा–यमुना की जो सांझी संस्कृति है उसमें भी दिखाई देने लगा है। मैं यहां इस बात की चर्चा इसलिए कर रहा हूँ कि अगर हम इस प्रदूषण से लड़ना चाहते हैं तो जो इन नदियों का महत्व है उसे समझे बिना हमारा संकल्प सुदृढ़ नहीं होगा।

महोदय, सभी मानते हैं कि विश्व भर में नदियों के किनारे सभ्यता और संस्कृति पनपी है, नदियों के किनारे बिस्तयां बसी हैं, नदियां ही कृषि–कर्म का आधार रही हैं, इसलिए मनुष्य जीवन में जल का, नदियों का विशेष महत्व है। भारत में तो नदियों को पूजा जाता है। सैकड़ों बड़ी नदियों वाले भारत में गंगा, यमुना, सरस्वती, सिंधु, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी ये सात नदियां अत्यधिक महत्व रखती हैं। इन सात नदियों में गंगा और यमुना सर्वोपरि हैं। गंगा न केवल हमारे देश की

महान और पवित्र नदी मानी जाती है, अपितु विश्व की श्रेष्ठ नदियों में अपना स्थान रखती है। गंगोत्री से लेकर गंगा सागर तक हरिद्वार, प्रयाग, काशी, गढ़मुक्तेश्वर, सोरों, पटना आदि सैकड़ों तीर्थस्थान इसके तट पर बसे हैं। प्राचीन काल से भारत की राजधानियां बसाने वाली यह गंगा नदी है। इसकी लहरें कितने ही राज्यों के उत्थान और पतन की साक्षी रही है। यह हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व वाली नदियां हैं। जितने नर–नारी, पशु–पक्षी, कीट–पतंग इसके सहारे जीवन–यापन करते हैं, उतने शायद ही किसी नदी के सहारे करते रहे हों। हमारे देश को सर्वाधिक अन्न देने वाली यह अन्नपूर्णा है। भारत के 11 राज्यों में देश की आबादी का 40 प्रतिशत इन नदियों से जल प्राप्त करता है। इसी की घाटी में सर्वप्रथम कृषि का शुभारंभ हुआ था। रेलवे से पूर्व गंगा व्यावसायिक दृष्टि से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण रही है। हमारे साहित्य में इसकी बहुत चर्चा है। महाभारत में 12 अन्य नामों से और अमर कोश में 7 अन्य नामों से श्रद्धापूर्वक चर्चित गंगा के जल में अनेक विशेष गुण है। जैसा कहा गया है, कई वर्षों तक बंद रखने पर अन्य नदियों के जल की तरह इसमें कीड़े पैदा नहीं होते। करोड़ों हिन्दू इसे पाप से निजात दिलाने वाली मानते हैं। इसका नाम स्मरण करना, दर्शन करना, इसमें स्नान करना पुण्य अर्जित करना माना जाता है। यदि कोई हिन्दू गंगाजल हाथ में लेकर प्रतिज्ञा करे तो कोर्ट भी उसे प्रमाण मानती है। आम हिन्दू की एक कामना रहती है कि अंतिम समय में उसके मुंह में गंगाजल की कुछ बूंद पड़ जायं। प्रतिवर्ष जब कांवड़ियें गंगाजल लेकर चलते हैं, तो सड़कों पर तिल रखने की जगह नहीं मिलती। यह दृश्य विश्व की किसी और नदी के बारे में नहीं कहा जा सकता। हरिद्वार और प्रयाग से जल लेकर रामेश्वर के शिवलिंग पर चढ़ाने की प्रथा आज भी जीवित है, जो हिंदुस्तान के एक सिरे को दूसरे सिरे के साथ जोड़ती है।

जितना साहित्य गंगा की स्तुति में लिखा गया है, उतना विश्व की किसी नदी के बारे में नहीं लिखा गया। हमारे 18 पुराण, रामायण और महाभारत इसकी स्तुति से भरे पड़े हैं। आचार्यों और संतों ने इसकी महिमा गाई है। शंकराचार्य भक्तिवादी नहीं हैं, शंकराचार्य प्रतिवादी हैं।

वे इस जगत को मिथ्या मानते हैं। चाहे शंकर हों, रामानुज हों, वल्लभाचार्य हों, रामानंद हों, तुलसी हों या कबीर हों, इन सब लोगों ने इसकी स्तुति गाई है। गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं कि –

^^xxk ldy en exy eykA
lc l[k dfju gfju lc lykAA**

आप कहते हैं कि वे रामभक्त थे, हिंदू थे, लेकिन जैसा मैंने आपसे निवेदन किया कि यह मज़हब का सवाल नहीं है। कविवर रसखान ने जिस तरह से गंगा की प्रशंसा की है, वह शायद कोई और नहीं कर पाएगा। कविवर रसखान ने गंगाजल को औषधि माना है और बड़े प्यारे शब्दों में उन्होंने कहा है कि मैं कोई दवाई न लूं, मैं कोई औषधि न लूं।, कोई पथ्य–कुपथ्य न करूं, मेरी तो सारी बीमारियां तुम्हारे जल से दूर होंगी। मैं उनके शब्दों को यहां दोहराना चाहूंगा –

^^oin dh vk"kfèk [kkÅ dN u djk or lte jh] lu e¨lA
rjh b ikuh fi;¨ ^^jl [kkuh lthou ykHk ygk] l[k r¨lAA**
, jh! lèkke;h HkkxhjFkh ! d¨m iF; dpiF; djp] rm i¨lA
vkd èkrjp pckr fQjp fo"k [kkr fQjp flo r©jp Hkj¨lAA**

इससे बढ़कर कोई व्यक्ति क्या कह सकता है? चाहे भारतेन्दु हरिश्चन्द्र हों, चाहे उनके पिता गोपाल चन्द्र हों, बांकीदास हों, मितराम हों, केशव हों, विद्यापित हों, कविरतन सत्यनारायण हों, पूर्णसिंह हरिऔध हों, मेगस्थनीज़ जैसा विदेशी हो, मैं किस–किस की चर्चा करूं, इन सबकी श्रद्धा का केन्द्रबिन्दु गंगा क्या अब नहीं रहेगी? कैसे हम इसे स्वीकार कर लें? ''गंगा'' शब्द, जो गमनार्थक गम धातु से सिद्ध होता है, जिसका अर्थ है निरन्तर गतिशील प्रवाह, क्या टिहरी का बांध उसके पांव में बेड़ियां डाल पाएगा? मैं यह मानने के लिए तैयार नहीं हूं। क्या ब्रज की संस्कृति का आधार यमुना, अब नहीं रहेगी? जिसके किनारे योगेश्वर कृष्ण ने क्रीड़ाएं कीं, वह यमुना इतिहास का विषय हो जाएगी? हरगिज़ नहीं, यह बचेगी। सरकारें भी प्रयास करें, प्रदेश भी प्रयास करें, केन्द्र भी प्रयास करे, लेकिन सबसे बड़ा प्रयास आम आदमी को करना है, जनसाधारण को करना है। आम आदमी इसे बोलचाल में गंगा और यमुना नहीं कहना चाहता है, वह इसे ''गंगा

जी'' कहता है, वह इसे ''यमुना जी'' कहता है, वह इसे ''गंगा मैया'' कहता है, वह इसे ''यमुना मैया'' कहता है। उसका यह भाव, उसका यह संस्कार, उसके जीवन का यह आधार गंगा और यमुना को जीवित रखे गा, ऐसा मेरा विश्वास है। जो भाव गंगा को प्रातः स्मरणीय मानता है, वह इन नदियों को बचाएगा। वह भावना आम आदमी को इस अभियान से जोड़ेगी। सरकार अपनी जगह प्रयास करे, प्रदेश अपनी जगह प्रयास करें और सरकारों ने इसके लिए प्रयास किया है। सबसे पहले जब श्रीमती इंदिरा गांधी के सामने यह प्रश्न आया कि गंगा मैली हो रही है, तो एक सर्वे कराया गया और जब इस नतीजे पर पहुंचे कि जितनी कल्पना है, गंगा उससे ज्यादा मैली है, तो इधर प्रयास करना प्रारंभ हुआ। भारत रत्न श्री राजीव गांधी ने अप्रैल, 1986 में Ganga Action Plan आरंभ किया था, जिसका पहला चरण मार्च, 2000 में पूरा हुआ। इस पर राज्य सरकारों के सुझाव लिए गए। फिर दूसरा चरण 1993 में आरंभ हुआ। इस पर कुल खर्च 1,028 करोड़ रुपए हुआ, लेकिन मैं मानता हूं कि इसके बावजूद भी गंगा अभी प्रदूषित है।

प्रधान मंत्री, डा. मनमोहन सिंह ने 20 फरवरी, 2009 को हम सबकी भावनाओं की कद्र करते हुए गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया। उनकी अध्यक्षता में एक कमिटी बनाई गई। इसी तरह 1993 में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब Yamuna Action Plan शुरू किया गया।

महोदय, आज सवाल यह है, जैसे मेरे सम्माननीय साथी ने पूछा है कि अरबों रुपए लगाने पर भी ये नदियां प्रदूषित क्यों हैं? क्यों आज ब्रज के 1300 गांवों के किसानों और संतों के हज़ारों पांव वृंदावन और दिल्ली के बीच में यमुना को ढूंढ़ने का प्रयास कर रहे हैं? हमारे सामने प्रश्न है कि यदि Thames नदी पवित्र की जा सकती है, स्वच्छ की जा सकती है, तो गंगा का जल स्वच्छ क्यों नहीं किया जा सकता? मैं मानता हूं कि आज गंगा का जल न पीने के योग्य है, न स्नान के योग्य है, न खेती के लिए उपयुक्त है। पीने के पानी में Coliform bacteria का level 50 से नीचे और खेती के लिए 5,000 से नीचे होना चाहिए, लेकिन हरिद्वार में आज यह 5,500 है। आज गंगा के किनारे बसे 10 लाख से ज्यादा की आबादी वाले 30 शहर, 50 हज़ार से 1 लाख तक

की आबादी वाले 23 शहर और कानपुर के आसपास चमड़े के 350 कारखाने गंगा को तबाह कर रहे हैं। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। यह न केवल मात्र संसद की, न किसी राजनीतिक पार्टी की जिम्मेदारी है, बल्कि यह आज हर उस व्यक्ति की जिम्मेदारी है, जो भारत की संस्कृति की रक्षा करना चाहता है, जो भारत की अस्मिता के लिए बेचैन होता है।

महोदय, 20 प्रतिशत प्रदूषण जहां उद्योगों से है, वहीं 80 प्रतिशत प्रदूषण सीवेज की वजह से है। उद्योगों के कचरे में Arsenic, Fluoride, Chloride, Cadmium और Lead जैसे रसायन हैं, जिसका परिणाम यह निकलता है कि ये पानी के साथ ज़मीन में चले जाते हैं और बाद में हम उस पानी को इस्तेमाल भी करते हैं। महोदय, जो कचरा कारखाने से आएगा, उसको तो आप treatment plant के जरिए आगे ले जा सकते हैं, लेकिन जो कचरा पानी में चला गया है, उस पानी को तो आम आदमी साफ पानी मानकर इस्तेमाल करना शुरू कर देता है। चूंकि उस पानी में ये रसायन होते हैं, भयानक poison होता है, इस वजह से गंगा के किनारे रहने वाले लोगों में आज कैंसर का प्रतिशत ज्यादा है। यू.पी., बिहार, पश्चिमी बंगाल में सर्वाधिक लोग इस कैंसर की बीमारी से प्रभावित हैं। यहां राष्ट्रीय औसत से अधिक कैंसर के रोगी हैं और पित्ताशय, गुर्दा, भोजन नली, प्रोस्टेट, जिगर, त्वचा का कैंसर जैसी बीमारियां इन जगहों में बहुत ज्यादा बढ़ रही हैं।

महोदय, मैं ज्यादा आंकड़े नहीं देना चाहता हूं क्योंकि यहां सब विद्वान हैं और मुझसे ज्यादा इस बात को समझते हैं। आज गंगा में प्रतिदिन नगरों का 290 करोड़ लीटर sewerage डाला जा रहा है। Sewage Treatment capacity 110 करोड़ लीटर है, बाकी 180 करोड़ लीटर गंदगी सीधे गंगा के अंदर जा रही है। अकेला बनारस 20 करोड़ लीटर कचरा डाल रहा है। इस देश के अंदर आज यह हाल है कि बनारस के 7 किलोमीटर में 30 नाले गंगा में गिर रहे हैं और उसको गंदा कर रहे हैं। इस गंगा पर अनेक बांध बनाए जा रहे हैं, जिसकी वजह से गढ़वाल में 17वीं शताब्दी का धारा देवी का मंदिर भी आज अपने आपको खतरे में महसूस करता है। महोदय, यमुनोत्री की

स्थिति गंगा से अलग नहीं है। यमुना को भी इस देश के व्यक्ति श्रद्धा के साथ देखते हैं। यमुनोत्री से हथनी कुंड बैराज तक यमुना का जल अपने प्राकृतिक स्वरूप में है, लेकिन आगे की स्थिति चिंताजनक बन जाती है। कई स्थानों पर यमुना शहरों का कचरा ढो रही है। यू.पी. और हरियाणा में 14 शहरों में Sewage Treatment Plant हैं, जिनकी वजह से पानी की स्थिति बेहतर है, पर यमुना की दुर्गति दिल्ली में आकर होती है।

यहां, अगर मैं गलती नहीं कर रहा तो 28 ट्रीटमेंट प्लांट हैं, लेकिन फिर भी जो 70–80 प्रतिशत यमुना का प्रदूषण है, वह दिल्ली की वजह से है। यहां ऐसा कचरा यमुना में जाता है, जो 37 प्रतिशत बिना ट्रीटमेंट के है। यमुना बेचारी कचरा ढोती है और यहां आकर दम तोड़ देती है। जिस Centre for Science And Environment की मेरी सम्माननीय विद्वान वक्ता ने मुझसे पहले चर्चा की है, उसके डायरेक्टर ने तो यहां तक कहा है कि यमुना मर चुकी है, केवल इसका अंतिम संस्कार करना बाकी है। यह हाल देश की 14 बड़ी, 55 मध्यम और सैकड़ों छोटी नदियों का है जहां जल की जगह सीवेज का पानी बह रहा है।

अंत में, मैं सुझाव के रूप में कुछ बातें आपसे कहना चाहता हूं। महोदय, केवलमात्र इस स्थिति पर आँसू बहाने से काम नहीं चलेगा। केवलमात्र सरकारों के माध्यम से यह काम नहीं हो पाएगा। इस बात के लिए सबका सहयोग चाहिए। सबसे पहले तो मैं यह कहूंगा कि गंगा और यमुना में सीवेज का मलमूत्र और फैक्ट्रीज़ का कचरा डालना दंडनीय अपराध होना चाहिए। आप एक तरफ पानी साफ करते हैं और दूसरी तरफ उसमें गंदगी डालते हैं तो प्रयास का नतीजा क्या निकलेगा? इसको दंडनीय अपराध घोषित किया जाए। जो फैक्टरी ऐसा करती है, उसका लाइसेंस कैंसिल किया जाए।

महोदय, अगर एक छोटा सा स्कूल बनता है तो जो environment के लोग हैं, प्रदूषण के लोग हैं, वे आकर हमसे पूछते हैं कि क्या आपने यहां ट्रीटमेंट प्लांट लगाया है? उस संस्था में होस्टल भी न हो, तो भी ट्रीटमेंट प्लांट के बारे में पूछा जाता है, लेकिन जो कचरा फैंकने वाली,

poisonous chemicals डालने वाली फैक्टरीज़ हैं, सरकार को, हम सबको, हर पार्टी की सरकार रही है, इनको ऐसा करने से रोकना होगा। महोदय, विभिन्न प्रदेशों में ऐसी फैक्टरियां हैं, 11 सूबों में से गंगा निकलकर आती है, उन सबके अंदर यह कानून बनाया जा सकता है कि इन लोगों के लाइसेंस खत्म करो जो इस गंगा को प्रदूषित कर रहे हैं। महोदय, एक तरफ हम उसे मां कहते हैं और दूसरी तरफ हम उसके अंदर मल–मूत्र डाल रहे हैं। मैं नगर पालिकाओं और नगर परिषदों को भी इसके साथ जोड़ना चाहता हूं। अगर वे बिना ट्रीटमेंट के गंगा, यमुना या दूसरी नदियों में पानी डालती हैं तो जो उनके सदस्य हैं, जो बड़े–बड़े वहां अधिकारी हैं, उन सबको भी सजा मिलनी चाहिए, यह किसी एक आदमी की जिम्मेदारी नहीं है। वे लोग इसके लिए दोषी क्यों न माने जाएं?

इसके साथ ही मैं यह कहना चाहता हूं कि National Ganga River Basin Authority की साल में कई बैठकें होनी चाहिए। मैं मानता हूं कि प्रधान मंत्री जी बहुत व्यस्त व्यक्ति होते हैं, लेकिन कुछ मीटिंगें संबधित मंत्री के माध्यम से की जा सकती हैं और उनकी रिपोर्ट पर बाद में चर्चा हो सकती है।

इसमें मैं यह भी जोड़ना चाहूंगा कि मीटिंग में सिर्फ अफसर ही न बोला करें, वे तो अपनी कारगुजारियों पर लीपा–पोती करेंगे। उस पर जो एक्सपर्ट्स हैं, उन्हें बोलने दें, उसमें जो गंगा और यमुना, भारत की सभ्यता और संस्कृति के प्रेमी हैं, उन्हें बोलने दें।

एक बात मैं यह भी कहना चाहूंगा कि मेरे प्रदेश से गंगा नहीं निकलती, पर यमुना निकलती है। वह मेरे प्रदेश में से होकर जाती है। अगर ऐसी व्यवस्था की जा सके कि MPLAD फंड में से अगर कोई एमपी जितना पैसा गंगा और यमुना को साफ करने के लिए देना चाहे, दे सके, उस पर कोई upper limit न हो, तो मैं समझता हूं कि यह भी बहुत फायदेमंद होगा।

महोदय, मेरे माननीय साथी ने धर्माचार्यों और संतों की बात की। मैं उनसे भी एक प्रार्थना करना चाहूंगा। गंगा सबकी है, मेरी भी है, आपकी भी है, उसकी भी है, इसकी भी है। मैं उनसे यह कहना चाहूंगा

कि वे लोगों को जागृत करें। महोदय, श्रीमद्भागवत पुराण में 34वें अध्याय में 405वां श्लोक है, जिसमें कहा गया है कि गंगा के अंदर मल–मूत्र कभी नहीं डालना चाहिए।

अगर कोई ऐसा करता है तो उसे एक कल्पपर्यन्त नर्क भोगना पड़ेगा। महोदय, मैं तो आर्यसमाजी हूं, मैं तो भागवत पुराण को उस दृष्टि से नहीं देखता, लेकिन जो उसे मानते हैं, जो उसकी कथा करते हैं, वे लोगों से प्रतिज्ञा कराएं, उनके हाथ में जल रखकर प्रतिज्ञा कराएं कि गंगा तुम्हारी मां है, इसकी छाती पर तुम गंदगी मत डालो। अगर हम सब मिलकर काम करेंगे तो कोई कारण नहीं कि गंगा का पानी साफ न हो पाए। मैं तो चाहूंगा कि हम सब मिलकर इसके लिए प्रयासरत रहें और कवि के शब्दों में प्रतिज्ञा करें कि

g xfr çcy ijk e Hkjh] fQj D;k jg nj&nj [kMk]
tc vkt ej lkeu g] jkLrk bruk iMkA
tc rd u eft y ik ldi] rc rd u e> foJke g]
pyuk gekjk dke g jkgh] pyuk gekjk dke gAA

■

400 साल पुरानी गंगा-यमुना दे दो : प्रो. एस.पी सिंह बघेल

मपसभापति महोदय, आपका बहुत–बहुत धन्यवाद कि आपने हिन्दुस्तान के समसामयिक विषय पर मुझे बोलने का मौका दिया है।

मैंने अभी श्री रवि शंकर प्रसाद और डा. राम प्रकाश जी के बहुत ही मार्मिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, पौराणिक और आंकड़ों से भरपूर व्याख्यान को सुना। मैं आंकड़ों के मकड़जाल में न अपना समय जाया करना चाहूंगा और न सदन का समय जाया करना चाहूंगा। जहां तक गंगा–यमुना की महिमा की बात है, इसका धार्मिक महत्व तो है ही, लेकिन इससे ज्यादा इसका सामाजिक महत्व है, आर्थिक महत्व है और कृषि के लिए महत्व है। इसमें कुछ तो बात है। आप हरिद्वार जायें और हर की पौड़ी पर गंगा जी की आरती देखें, बनारस में जब शाम को गंगा जी की आरती होती है, दीप दान गंगा जी में होता है और हमारे आगरा में यमुना जी के घाट पर बटेश्वर में यमुना जी की आरती होती है और उसमें दीपदान होता है, क्या दुनिया में ऐसा कोई उदाहरण है? मैं आज यहां पर गंगा और यमुना की लम्बाई नहीं बताऊंगा कि वह कितने किलोमीटर लम्बी है। मैं यह भी नहीं बताना चाहूंगा कि कितना सिंचाई क्षेत्र दोआबा में वह सिंचित करती है। लेकिन दुनिया में मुझे कहीं यह उदाहरण देखने को नहीं मिला, हो सकता है, Thames बड़ी हो, Mississippi Missouri ज्यादा सिंचाई करती हो, Amazon हो सकता है दुनिया की सबसे लम्बी नदी हो, नील भले ही मिस्र का वरदान हो, लेकिन उनको मां कोई नहीं कहता, उसकी आरती नहीं उतारी जाती और सबसे बड़ी बात है कि उसके

जल से आचमन नहीं किया जाता है। भले ही यूनिसेफ ने कह दिया हो कि दुनिया की सबसे प्रदूषित नदी यमुना है और खासतौर से दिल्ली के आसपास और गंगा जी भी बहुत प्रदूषित है खासतौर से कानपुर के आसपास, लेकिन हमारी धार्मिक आस्था देखिएगा कि गंगा मेला को आप नहीं रोक पायेंगे, दशहरा मेला नहीं रुक पायेगा, 12 साल में कुम्भ, 6 साल में अर्ध–कुम्भ और 144 साल में महाकुम्भ का आयोजन होगा। हर्षवर्द्धन ने भले ही अपना पूरा राज्य कुम्भ में दान किया हो, लेकिन आज भी लोग दान कर रहे हैं। मैं इसके सामाजिक पहलू पर एक बात कहना चाहूंगा कि यह केवल मोक्ष दायनी या जीवन दायनी ही नहीं है, आप 200 साल पीछे जाकर देखिएगा। गंगा और यमुना से हमारा दोआबा की एक–एक सेंटीमीटर कृषि भूमि सिंचित होती थी। आज क्या हाल है! धार्मिक महिमा केवल हिन्दुओं के लिए नहीं है। मुसलमानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण बात नमाज़ होती है और नमाज़ के प्रावधान में वजू बहुत जरूरी है कि वजू करना चाहिए और वजू भी शुद्ध जल से होना चाहिए। नज़ीर बनारसी गंगा की महिमा के ऊपर लिखते हैं कि 'मैंने तो नमाजें भी पढ़ी हैं नज़ीर, ऐ गंगा तेरे पानी से वजू करके।' इससे बड़ा सामाजिक सदभाव, भाईचारा और सामाजिक ताना–बाना बढ़ाने के लिए और क्या हो सकता है। यह यमुना केवल हिन्दुओं के लिए नहीं है, यह नज़ीर बनारसी ने लिखा है कि वजू हमने किया है। इसलिए वह पवित्र जल रहा होगा, उन्होंने गंगा की महिमा को माना होगा। राहत इंदौरी भी कहते हैं, हमारे देश का बंटवारा जरूर हो गया हो। लेकिन जो यहां से मुसलमान गये हैं, उनके लिए भी वे कहते हैं कि 'गंगा छोड़कर जाने वालों, कतरे –कतरे को तरसोगे।' आज वहां के जो मुजाहिद हैं, वे तरस रहे हैं। यह हमारी सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है। माननीय मंत्री महोदया, यह यमुना क्यों नहीं साफ हो पा रही है? यमुना एक्शन प्लान पहला हुआ और दूसरे की आवश्यकता तो तब होती जब पहला एक्शन प्लान कम्पलीट हो जाता।

आप पिछले पचास–साठ साल से राज कर रहे हैं। आप सरकार चलाते हैं, आपका अपना बजट है और आपका अपना मंत्रालय है। मैं

पूछना चाहता हूं कि इसके लिए दोषी कौन है? कांग्रेस की तरफ से जो भाषण आया था, वह वेद–पुराणों से भरपूर था, लेकिन आपने चालीस–पचास साल का हिसाब नहीं दिया। मैं यहां आंकड़ों में नहीं जाना चाहता, लेकिन आपने इतने लाख करोड़ इतने हजार करोड़ गंगा– एक्शन प्लान–1, एक्शन–2 में, गंगा प्रदूषण बोर्ड में खर्च किए, इसका नतीजा क्या निकला? हमारे गांव में एक कहावत है, हिसाब लगाया ज्यों का त्यों और कुनबा आखिर डूबा क्यों? 'आपने पैसा दिया, वह पैसा पहुंचा और खर्च हुआ, मैं पूछना चाहता हूं कि यह उपयोग हुआ या उपभोग हुआ? इस बारे में आप पूरे सदन को बताइए। मुझे तो लगता है'।

लेकिन मैं सदन के माध्यम से यह जरूर पूछना चाहूंगा कि जो पैसा लाखों, करोड़ों में गया है अगर वह खर्च हुआ है और उसका सही उपयोग हुआ है, तो गंगा मैली क्यों है? यमुना मैली क्यों है?

लेकिन मैं सदन के माध्यम से यह जरूर जानना चाहूंगा।

जो अन–पार्लियामेंट्री है, उसको निकाल दिया जाए। मैं कह रहा हूं कि हाथ में जो RADO है, अब तो सहमत हैं। ठीक है ना, ठीक है ना। चलो RADO पर तो आ जाओ। मेरे कहने का मतलब यह है और मैं इस बात का जरूर कहूं गा कि यमुना और गंगा के पानी का प्रदूषण भले ही दूर न हुआ हो, लेकिन इससे संलग्न जो अधिकारी हैं, उनके घर का प्रदूषण जरूर दूर हो गया।

सर, मैं मज़ाक में नहीं कह रहा हूं, एक क्वेश्चन आया कि गंगा कहां से निकलती है और कहां समाप्त होती है? यमुना कहां से निकलती है और कहां समाप्त होती है? टीचर ने बच्चे को कहा कि गंगा, गंगोत्री से शुरु होती है और यह हरिद्वार में समाप्त हो जाती है। यमुना, यमुनोत्री से शुरु होती है और यमुनानगर में समाप्त हो जाती है। मैनेजर ने टीचर से कहा कि भाई, ये नदियां निकलती तो यहीं से हैं, लेकिन जो स्थान आपने बताए हैं, ये वहां पर समाप्त नही होती हैं। टीचर ने कहा कि जब एक प्राइवेट स्कूल में बारह सौ रुपए दोगे तो फिर गंगा हरिद्वार में ही समाप्त होगी और यमुना, यमुना नगर में समाप्त होगी।

बच्चे से पूछा गया कि तुमने ऐसा क्यों लिखा, तो उसने कहा कि गंगा भले ही गंगोत्री से शुरू होती है, लेकिन असली गंगा तो हरिद्वार पर ही समाप्त हो जाती है, मैं उसको कैसे गंगा सागर तक ले जाऊं? उस गंगा को मैं गंगा नहीं कहता हूं। यमुना भले ही यमुनोत्री पर शुरू होती है, लेकिन हरियाणा से पहले, आपकी इंडस्टीज से पहले, दिल्ली में आने से पहले यमुना समाप्त हो जाती है, वह यमुना मर जाती है। बच्चे ने कहा आप नम्बर दो न दो, लेकिन मैं यमुना को इलाहाबाद तक नहीं ले जाऊंगा, क्योंकि मैंने अपने पुरखों से गंगा और यमुना की जो महिमा सुनी है, वह यमुना आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, वृंदावन, इटावा और आगे जाकर औरेया में देखने को नहीं मिलती है। इसके लिए कौन दोषी है? बच्चा तो दोषी नहीं है। जिसने ज्यादा समय तक, पचास साल तक राज किया, उसको देखिए। आपको ये आंकड़े देने की जरूरत नहीं पड़ती। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि ब्रज के लोग बहुत उद्वेलित हैं। वह किसी पार्टी विशेष का अभियान नहीं है। जो गंगा, यमुना को प्यार करते हैं, उन्होंने 5 मार्च को लाखों, हजारों की संख्या में दिल्ली की ओर कूच किया हुआ है।

महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि आपने 'हथिनी कुंड' शब्द का नाम नहीं लिया है। यदि 'हथिनी कुंड' शब्द इस्तेमाल न हो, तो क्या आज की यह बहस पूरी हो सकती है? प्रो. रामप्रकाश जी, आपके मुँह से 'हथिनी कुंड' पर यह बात आती तो अच्छा लगता।

महोदय, हैड और टेल दो चीजें हैं। यह हमेशा होता है कि जबर आदमी हैड पर नहर का पानी खींच लेता है, बंबे का पानी खींच लेता है। हैड पर सारी चीज है। हम यू.पी. के लोग टेल पर रह रहे हैं, दिल्ली हैड पर है, उत्तरांचल हैंड पर है, हरियाणा हैड पर है। पानी आप ले लेते हैं, टेल पर आप पानी नहीं आने दे रहे हैं। अगर आने भी दे रहे हैं, तो वह जो पानी है, उसको गंगा, यमुना का पानी नहीं कहें गे। वह पानी, जो बनारस, इलाहाबाद, फर्रुखाबाद, कन्नौज पहुंच रहा है, यमुना का जो पानी आगरा, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, ओरैया, इटावा पहुंच रहा है, क्या हम इसको यमुना का पानी कहेंगे? इसके लिए कौन दोषी है? दिल्ली की सजा हम भुगत रहे हैं, हरियाणा की

सजा हम भुगत रहे हैं। मैं आंकड़ों में नहीं जाऊंगा कि कितने किलोमीटर है। हाँ, अगर यमुना 370 किलोमीटर दिल्ली आती है, तो आप केवल 15 किलोमीटर में उसको इतना दूषित कर देते हैं कि यहाँ से जाकर इलाहाबाद तक, उत्तर प्रदेश उसको दूषित नहीं करता है। 'हथिनी कुंड' का जिक्र जरूर होना चाहिए। वहाँ से, हरियाणा से कितने क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है? आपने अविरल की बात कही है। मैं भले ही विज्ञान का विद्यार्थी हूं, लेकिन अविरल का अर्थ जानता हूं, जिसकी धारा न टूटे। यमुना की धारा टूट रही है। क्यों? 'हथिनी कुंड' से हमें, ब्रज के लोगों को, मथुरा के लोगों को, वृंदावन, आगरा, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, और इलाहाबाद के कुंभ को 2000 क्यूसेक पानी चाहिए, लेकिन आप 70, 75 या 100 क्यूसेक से ज्यादा पानी नहीं छोड़ रहे हैं। इसलिए महोदय निवेदन है कि हथिनी कुंड पर 15 किलोमीटर की जो नहर है, जिसमें सारे उद्योग के कचरे जा रहे हैं और यहाँ पर जो बैराज है, वहाँ से तो आप दिल्ली के लिए पानी ले लेते हैं, उसके बाद शाहदरा वाले सारे ड्रेनेज में आप वहाँ से हमारे यहाँ पर इंडस्ट्रीज का सारा कचरा भेज रहे हैं। यमुना नहर हमारे ओखला से 15 किलोमीटर दूर है, लेकिन उसमें किस प्रकार का पानी पहुंच रहा है? मैंने केमिस्ट्री में H_2O की प्रॉपर्टी के बारे में पढ़ा था। उसमें था, रंगहीन, गंधहीन, स्वादहीन। पानी की यही सारी प्रॉपर्टीज हैं कि वह रंगहीन, गंधहीन और स्वादहीन होता है। क्या यमुना और गंगा का पानी रंगहीन है? आध्यात्म पुराण के अलावा मैं विज्ञान पर आता हूं। क्या आज यमुना और गंगा का पानी गंधहीन और स्वादहीन है? अगर विज्ञान की दृष्टि से देखें तो भी उसमें बहुत प्रदूषण है और यदि आध्यात्म और पुराण की दृष्टि से देखें तो भी यह एक बहुत बड़ा नुकसान हो गया है। आप वजीराबाद से पानी लेते हैं। आपने असली पानी ले लिया, उसके बाद बीच में, पंद्रह बड़ी ड्रेनों के द्वारा आप ओखला में, उत्तर प्रदेश में भेज रहे हैं।

मैं कोई बहुत वैज्ञानिक आदमी नहीं हूँ, जो इसका समाधान बताऊँ, लेकिन sewage के पानी का कोई treatment नहीं होता है, आप कुछ भी कहें। आपने 23 treatment plants लगा रखे हैं, पता नहीं यह

unparliamentary है या नहीं, लेकिन अगर गांव का कोई आदमी शौच के लिए एक लोटा पानी लेकर खेत में जाता है और अचानक उसको प्यास लगती है, तो क्या कभी उसने वह पानी पीया है? जबकि घर से लोटा मांजा, धोया, नल से भरा, लेकिन उसके दिमाग में है कि मैं शौच के लिए जा रहा हूं, अचानक उसको प्यास लगती है, क्या कभी वह पानी पीता है? वह पानी शुद्ध है, लेकिन भावना दूसरी हो गई है, इसलिए वह उस पानी को कभी नहीं पीता है। Sewage plants से आप क्या treatment करेंगे, मल–मूत्र का क्या treatment हो सकता है, उसके बाद कैसे आचमन हो सकता है?

मैं यही कहना चाहूंगा कि आप नाला निकालिए, गंगा के समानांतर कछ भी निकालिए, लेकिन sewage plants का शोधन नहीं हो सकता है। 400 साल पुरानी गंगा, यमुना दे दो, मैं तो वह मांगने आया हूं।

जिससे अपर गंगा निकलती थी, जिससे लोअर गंगा निकलती थी, जिससे यमुना नहर निकलती थी, नहर से बंबे निकलते थे, बंबे से नालियां निकलती थीं, नाली से गुल निकलती थी और गुल से खेत का पानी मिलता था। क्या आज हम आखिरी खेत पर पानी पहुंचा पा रहे हैं, जो अंग्रेजों ने पहुंचाया था? बंबे के पानी से, नहर के पानी से सिंचाई होती थी या नहीं? आज दोआबा का क्षेत्र, मैं दक्षिण भारत की बात नहीं कर रहा हूं, लेकिन गंगा और यमुना के बीच के रहने वाले जिले, हमारा फर्रूखाबाद हो, इटावा हो, ओरैया हो, कन्नौज हो, एटा हो, कासगंज हो, फिरोजाबाद हो, मैनपुरी हो, यह दोआब का क्षेत्र है, दोआब का क्षेत्र शुरू से मालदार रहा है, लेकिन गंगा–यमुना के इस प्रदूषण और पानी न रहने के कारण आज दोआब के लोग ही, हमारे किसान सबसे ज्यादा परेशान हैं।

हमारी सरकार ने एक्सप्रेस हाईवे बनाया यमुना एक्सप्रेस हाईवे। यमुना प्रदूषित हो सकती है, लेकिन उस यमुना एक्सप्रेस हाईवे की क्वालिटी पर कोई शक नहीं हो सकता है। यह बहन कुमारी मायावती जी की यमुना नदी को सच्ची श्रद्धांजलि है कि उसकी memory में उन्हांने parallel रूप से यमुना एक्सप्रेस हाईवे बनाया। अगर आप यमुना शुद्ध कर दें, अगर आप यमुना में अविरल, सजल, निर्मल,

कोमल, सजल पानी बहा दें, तो यह इलाका मालदार हो जाएगा। लोग वहां रहना पसंद करते हैं, लोग तो चाहते हैं कि मृत्यु भी हो, तो बृज में। लेकिन इसके लिए कुछ चीजें होनी पड़ेंगी। Charity begins at home. हम अपने धार्मिक कार्यक्रमों के waste गंगा–यमुना में न डालें, हम बच्चों के केश–कर्तन वहां न करवाएं। सबसे ज्यादा दाह संस्कार हमेशा नदियों के किनारे होते है। हम इतनी awarness लाएं और विद्युत शहदाहगृह शुरू करें, हम गंगा–यमुना में मृत शरीरों को न डालें। मैं आपके सामने यही कुछ बातें कहना चाहता था।

लेकिन, महोदय, हम प्रमुख रूप से यह मांग करेंगे, सबसे प्वायंट वाली बात है, कि हथिनीकुंड से 2 हजार क्यूसेक पानी छोड़िए, अगर बृज के मंदिरों के रोते हुए घाटों के लिए आप चाहते हैं कि वे घाट मुस्कराएं, अगर आप चाहते हैं कि बांके बिहारी वृंदावान और गिरिराज महाराज को सच्ची श्रद्धांजलि दें। यमुना को यम की बहन कहा जाता है। यम यानी यमराज और यमुना उसकी बहन। माननीय मंत्री जी, आप फिर कहेंगी क आपने बेतुकी बात कर दी। अगर इसके पैसे का wastage होगा, तो यमुना फिर यम की बहन है, वह कोई–न–कोई सजा जरूर देगी, अगर आप धर्म में विश्वास करते हैं, आस्था रखते हैं। लेकिन मेरी पीड़ा उस किसान के खेत के लिए है कि यमुना में पानी नहीं होने से, गंगा में पानी नहीं होने से हमारी नहरें सूखी हैं। जब नहर सूखी होती हैं; जब वे सूखी होती हैं, तो खेत सूखे होते हैं और जब खेत सूखा रहेगा, तो देश सूखा रहेगा। जिस साल बढ़िया फसल होती है, जिस साल अच्छे आलू होते हैं, उसकी अच्छी कीमत मिलती है, उसी साल हम कपड़ा खरीदते हैं, उसी साल हम सोना–चांदी खरीदते हैं, उसी साल हम भट्ठे से ईंटें खरीदते हैं, उसी साल हम अपनी बेटी की शादी करते हैं। इसलिए खेत को सूखा मत रखिए। सिंचाई का बड़ा साधन नदियां हैं। पहले ये ट्रांसपोर्ट का साधन भी थीं। मैं बाबरनामा पढ़ रहा था। उसमें लिखा है कि मैं तो घोड़े से गया, लेकिन हमारा सारा सामान यमुना नदी से गया। मैं उसमें पढ़ रहा था कि हमने अनवारा गांव में हॉल्ट किया। इसका मतलब यमुना और गंगा यातायात के लिए भी बहुत बड़ा साधन हुआ करती थीं। ■

आज गंगा की इज्जत और अज्मत पर खतरा है : चौधरी मुनब्बर सलीम

ekननीय उपसभापित महोदय, मैं आपका दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा करता हूं कि इस तारीखी विषय पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैं एक शेर से अपनी बात शुरू करना चाहता हूं।

,¡ vkc:n¡ xxk] o¨ fnu g¡ ;kn r¡>d¨
mrjk r¡j¡ fdukj¡ tc dkjok gekjk

माननीय उपसभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि पानी और बहते हुए पानी का कोई गांव, कोई मज़हब और कोई मस्कन नहीं होता। पानी ज़िन्दगी की अलामत होता है। मुझे दो तकरीरों ने यहां बहुत मुतास्सिर किया, एक रवि शंकर जी की और दूसरी बाबू दर्शन सिंह यादव जी की।

मैं आपसे अर्ज़ करना चाहता हूं, गंगा कुछ लोगों के लिए धर्म है, लेकिन हिन्दुस्तान के 125 करोड़ लोगों के लिए यह अभिमान है, सम्मान है, इतिहास है। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि गंगा हिमालय की ऊँचाइयों से पाकीज़ा गिरती है, लेकिन ज़मीन पर आने के बाद हम हिन्दुस्तानी उसे गंदा कर देते हैं। हम हिन्दुस्तानी उसे अपवित्र कर देते हैं और सिर्फ 70 किलोमीटर के अन्दर गंगा इतनी नापाक हो जाती है कि उसका पानी पीने से लोगों को कैंसर और हैपिटाइटिस हो जाता है। वह यह दिल्ली का इलाका है।

मैं एक ऐसे प्रदेश से आता हूं, गंगा जिसकी करधौनी है। मैं राज्य सभा में उत्तर प्रदेश से आता हूं, लेकिन मैं रहने वाला मध्य प्रदेश का हूं, जहां क्षिप्रा है, जहां नर्मदा है। मैं बेतवा का बेटा हूं। जहां से बेतवा

निकलती है, मैं वहां का रहने वाला हूं। मैं नदियों की अज़्मत और इज्ज़त जानता हूं।

उपसभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि अगर सरकारों के अन्दर इच्छाशक्ति होती है, तो फिर वे नाकाम होने वाली चीज़ को भी करके दिखा देतीं। अगर आप देखना चाहें तो आप कुम्भ नहाने चलिए। वहां उत्तर प्रदेश में मेरी पार्टी की सरकार है और अखिलेश यादव जी वहां के मुख्य मंत्री हैं। माननीय आज़म खान साहब कुम्भ के अध्यक्ष हैं। हमने सिद्ध करके बता दिया और लोगों को, श्रद्धालुओं को साफ–सुथरे पानी में स्नान करवा दिया। मैं स्वयं 3 फरवरी को गंगा तट पर गया था। गंगा की पाकीज़गी को लेकर एक संगोष्ठि थी, उसमें मैं मुख्य वक्ता था। यहां लौटकर, 1 मार्च को मैंने अपना एक स्पेशल मेन्शन पेश किया। उसमें मैंने कहा कि गंगा की नापाकी ऐसे नहीं रुकेगी, वह एक मज़बूत कानून से रुकेगी। हमें दलगत सियासत से ऊपर उठ कर 118वां संशोधन करना चाहिए और गंगा को गंदा करने वालों को जेल की सलाखों में होना चाहिए। यह सही है कि हम जागरुकता इस सबको रोकना चाहते हैं, जनता को जगाना चाहते हैं, लेकिन गंगा को वे बड़े लोग ही गंदा कर रहे हैं, जिनकी गिरेबानों तक सिर्फ कानून का हाथ पहुंच सकता है, गरीब आवाम का हाथ नहीं पहुंच सकता। इसलिए आज मेरा मुतालबा है कि आज ही मंत्री जी यह ऐलान करें, वे तमाम नाले, जो नदियों को गंदा करते हैं, उन्हें रोक दिया जाएगा, उनके रास्ते बदल दिए जाएंगे, ताकि नदियों का पानी पाक रहे।

मैं जिस मज़हब का मानने वाला हूं, वह मज़हब कहता है, 'ऐ इस्लाम को मानने वालों, तुम अपना गंदा जिस्म लेकर दरिया में मत चले जाना, वरना दरिया नापाक हो जाएगा और तुम गुनाहों में मुब्तला हो जाओगे।' यानी पहले नहाओ, फिर नदी में जाओ। अगर यह सिर्फ एक उसूल मान लिया जाए, तो दुनियां की सारी नदियां पाक हो जाएंगी।

रवि शंकर जी ने कहा कि बगैर नदियों के हम हिन्दुस्तान की कल्पना नहीं कर सकते, मैं और आगे जा कर कहता हूं, पानी इन्सान

ही नहीं, जीव–जन्तुओं के जीवन की भी अलामत है। उपसभापित महोदय, जिन उपग्रहों पर पानी नहीं मिलता, वहां जीवन भी नहीं मिलता। जल का अभिषेक होता है, इसके बाद ही हर धर्म की शुरूआत होती है, हर माइथोलॉजी की शुरूआत होती है। आज गंगा की इज्जत और अज़्मत पर खतरा है। माननीय प्रो. राम गोपाल जी ने यहां जो तबसरा कराया है, वह तबसरा एक तारीखी तबसरा बन गया। मैं चाहता हूं कि हुकूमते हिन्द की तरफ से जो जवाब आए, वह जवाब भी ऐतिहासिक आए, ताकि हम लोग अपने घर जा कर कहें कि आज हाउस में हमने छः बजे तक बैठ कर, माननीय कुरियन साहब की अध्यक्षता में एक तारीखी फैसला सुना है और अब हिन्दुस्तान की किसी नदी को कोई गंदा नाला गंदा नहीं करेगा।

यह मेरा सबसे पहला मुतालबा है। मैं यह चाहता हूँ कि रवि शंकर जी 118वें संशोधन के लिए आगे बढ़ें। सिर्फ गंगा ही नहीं, बल्कि हिन्दुस्तान की सारी नदियों के लिए एक ऐसा कानून आना चाहिए। उनको गंदा करने वाले कारखानों के खिलाफ और उनको गंदा करने वाले लोगों के खिलाफ एक सख्त कानून बने। वह सख्त कानून गंगा में जाने वाली गंदगी को रोक सकता है।

सर, आपने मुझे बोलने का वक्त दिया, उसके लिए आपका दिल की गहराइयों से बहुत–बहुत शुक्रिया। मैं इस हाउस का भी शुक्रिया अदा करता हूँ। आज़ादी के पहले एक नारा था–आज़ादी, जिस पर हम सब एक थे और आज़ादी के बाद आज दूसरा नारा, जिसका मैं भी साक्षी हूँ, यह आया है कि गंगा और यमुना गंदी नहीं होनी चाहिए, इस पर हम सब एक हैं और इसके लिए एक कानून बनना चाहिए। हिन्दुस्तान जिन्दाबाद। बहुत–बहुत शुक्रिया। ■

क्या सचमुच हम उस देश के वासी हैं जिस देश में गंगा बहती है : विवेक गुप्ता

vkदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, नमस्कार। आज मुझे यहाँ बैठे महानुभावों के बीच अपने विचार व्यक्त करने का यह प्रथम अवसर प्राप्त हुआ है। इस सुअवसर के लिए मैं ईश्वर, आपको, हमारी नेत्री, गरीबों एवं आम आदमी की दीदी एवं दुःख–दर्द की सखी, सुश्री ममता बन्दोपाध्याय, मेरे स्वर्गवासी पितामह और उन तमाम लोगों को धन्यवाद करते हुए नमन करता हूँ, जिनकी आवाज़ बन कर मैं यहाँ आज आया हूँ।

